# हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार, 14 जून 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

जबलपुर
शनिवार, 14 जून 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

5 स्टार्क का रिकार्ड 11वां टेस्ट अर्धशतक...



विचार पेज
10 विमान हादसों की पुनरावृत्ति...

1 मप्र बनेगा भारत-फ्रांस सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग का नया केंद्र

2 यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा

## फ्रांस और मप्र के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने हुआ एमओयू

# फ्रांस के साथ एमओयू से मप्र की संस्कृति को मिलेगा 'वैश्विक मंच'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फ्रांस और मप्र के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने लिए शुक्रवार को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह मप्र को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। इस ऐतिहासिक एमओयू पर भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला, अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद थे। यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा। इसे आपसी सहमति से और आगे बढ़ाया जा सकेगा।



### एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा

भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमें मप्र सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

### इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार होगा

*एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य, प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खानपान और संस्कृति से जुड़े अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक रणनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी।*


## खबर संक्षेप

### सोने ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड एक लाख के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को गोल्ड फ्यूचर्स में बड़ी तेजी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना 1,00,403 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। बाद में ये थोड़ा नीचे आकर 1,00,145 रुपए पर ट्रेड करने लगा, लेकिन अब भी ये 1,753 रुपए ऊपर था। इससे पहले 22 अप्रैल को भी गोल्ड फ्यूचर्स 2,048 रुपए की तेजी के साथ 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा था।

### मुंह में मधुमक्खी जाने से संजय कपूर की हुई थी मौत



**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का गुरुवार को इंग्लैंड में निधन हो गया। 53 साल के संजय कपूर की मौत हार्ट अटैक से हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब वह पोलो मैच खेल रहे थे तो उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उन्होंने तुरंत मैच रोककर मैदान छोड़ दिया लेकिन थोड़ी ही देर में उन्हें हार्ट अटैक आ गया। रिपोर्ट्स दावा करते हैं कि मैच के दौरान संजय कपूर के मुंह में एक मधुमक्खी चली गई थी।

### श्रद्धालुओं पर गिरी आकाशीय बिजली



**श्योपुर।** कराहल थाना क्षेत्र के गांव सेमरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को शाम करीब साढ़े 4 बजे उस समय अफरा तफरी मच गई, जब कथा पांडाल के बगल में खडे पेड़ के नीचे बैठे श्रद्धालुओं पर आकाशीय बिजली आ गिरी। जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला चार माह की गर्भवती बताई गई है। जबकि करीब 25 लोग घायल हो गए। जिनमें महिला और बच्चे ही शामिल हैं।, सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल और जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया।

**अमेरिका व इजराइल ने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया**

## ऑपरेशन राइजिंग लॉयन : कहीं ज्यादा बुरा होगा... ट्रंप ने ईरान को दी सीधी धमकी- समझौते का आखिरी मौका बाकी या फिर समाप्त

# इजराइल ने बरसाए ईरान के परमाणु ठिकानों पर बम, अमेरिका भी अब अटैक की तैयारी में



ईरान का परमाणु ठिकाना तबाह

*इज़राइल के हमले में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक- अब्दुल हमीद मिनोउचहर, अहमदरज़ा ज़ोल्फ़घारी, सैयद अमीरहोसेन फेक्ही, मोत्लाबीज़ादेह, मोहम्मद मेहदी तहरेनची और फेरेदून अब्बासी मारे गए। ये नतांज और परमाणु कार्यक्रम के विशेषज्ञ थे। उनकी मौत से ईरान का परमाणु सपना 1-2 साल पीछे जा चुका है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजराइल ने शुक्रवार तड़के ईरान के परमाणु साइट और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है कि और बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने कहा कि कुछ ईरानी कट्टरपंथियों ने बहादुरी से बात की, लेकिन उन्हें नहीं था कि क्या होने वाला है।



ईरान की जवाबी कार्रवाई

» **ईरान ने इस हमले को परमाणु आतंकवाद करार दिया, इज़राइल व अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया**

» **उसने संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है। बदला लेने की बात कही है**



### ईरान पर और बड़े हमले की तैयारी

ट्रंप की इस धमकी से ये लग रहा है कि वो एक और मौका ईरान को देना चाहते हैं। मगर उनकी बातों से ये भी लग रहा है कि ईरान पर बहुत बड़े हमले की तैयारी हो चुकी है और अमेरिका इसमें डायरेक्ट न घुसकर इजराइल के जरिए कार्रवाई करेगा। ट्रंप के ट्वीट से साफ पता लगता है कि वो अब इसे ज्यादा दिनों तक टालने के मूड में नहीं हैं।

**दुनिया को सुरक्षित बनाएंगे**



नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इजराइल को छोटा शैतान कहता है। वह अमेरिका को बड़ा शैतान कहता है। इसलिए दशकों से उसने लाखों लोगों को इजराइल और अमेरिका के लिए मौत के नारे लगाने के लिए प्रेरित किया है। आज इजराइल नरसंहारक आह्वानों का जवाब कार्रवाई के साथ दे रहा है।

**कड़ी सजा देंगे : खामनेई**



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि हमारे देश पर हमले की इजराइल को कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। इजराइल के हाथ खून से सने हैं। उसने हमारे देश में अपराध किया है। आवासीय केंद्रों पर हमला करके इजराइल ने अपनी दुर्भावना उजागर कर दी है। इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

**भारत पर कैसे पड़ेगा असर?**

**तेल की कीमतों में आ सकता है उछाल**

भारत करीब 40 देशों से तेल आयात करता है। 2024 में ओपेक देशों ने भारत के कुल तेल आयात का करीब 51.5 प्रतिशत निर्यात किया था। लेकिन विशेष देश के हिसाब से देखें तो सबसे बड़ी हिस्सेदारी रूस की रही।

### ईरानी राष्ट्रपति ने कहा- अब देखते हैं कि कौन है मिडिल ईस्ट का शेर

ईरान ने भी इस बात की पुष्टि है कि इजराइल की ओर से किए गए हमलों में उसके एयर डिफेंस सिस्टम और परमाणु साइट्स को नुकसान पहुंचा है। साथ ही कहा कि इस हमले में ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में इजराइल को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया इतनी भयानक होगी कि इजराइल अफसोस करेगा।

**पारिवारिक आपातकाल को बताया वजह**

## इंग्लैंड दौरे से अचानक भारत आए मुख्य कोच गौतम गंभीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अचानक भारत लौट आए हैं। उन्होंने पारिवारिक आपातकाल को वजह बताया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को इसकी जानकारी दी है।

सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां की देखभाल के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड में है। सूत्र ने बताया कि गंभीर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण वापस (भारत) चले गए हैं।'

**गुना में महिला का अपहरण कर रेप किया**

## पीड़िता की ननद को उठाने आए थे, गलती से भाभी को ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

म्याना थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला का अपहरण कर उसके साथ रेप करने का मामला सामने आया है। बदमाश महिला की ननद को उठाने आए थे, लेकिन गलती से उसे उठा ले गए। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 9 जून की रात करीब 1 बजे 6 युवक उसके घर आए। दो नीचे आंगन में खड़े रहे, जबकि चार युवक छत पर आ गए। उन्होंने मेरे ऊपर हंसिया तान दिया। मुझे डराया, धमकाया और घसीटकर जंगल की ओर ले गए। महिला ने बताया कि जंगल में पहले से दो युवक मौजूद थे।

■ पुलिस ने 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**विमान हादसे के चलते स्थगित हुआ था कार्यक्रम**

## अब 16 को मुख्यमंत्री जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की 'राशि'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, उज्ज्वला योजना, संबल योजना समेत अन्य योजनाओं की राशि शुक्रवार को हितग्राहियों के बैंक खातों में डाली जानी थी, किंतु गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की वजह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए थे। अब यह कार्यक्रम 16 जून को संभावित है। इसी दिन हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरित की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सवा करोड़ लाड़ली बहनों को इस महीने की योजना की सौगात देंगे। वे रसोई गैस की उज्ज्वला योजना की राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि समेत संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के 6821 प्रकरणों में 150 करोड़ रुपए की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। जबलपुर के बरगी में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कई मंत्री, सांसद, विधायक एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उधर, सूत्रों ने बताया कि अभी इस कार्यक्रम को लेकर कुछ भी तय नहीं हुआ है। किंतु तैयारियां चूंकि पूरी है, ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि लाड़ली बहनों समेत सभी हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि 16 को भेज दी जाएगी।

**मुजफ्फरपुर-चंपारण रूट से पटना के लिए चलेगी**

## बिहार: मिल रही एक और वंदे भारत ट्रेन पीएम मोदी 20 को दिखाएंगे हरी झंडी

उत्तर बिहार के लोगों को होगा फायदा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुजफ्फरपुर-चंपारण रूट से पटना तक के लिए 20 जून से वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। इसके साथ ही वैशाली-देवरिया 29 किलोमीटर की नई रेल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू होने के अलावा लोकोमोटिव फैक्ट्री, मढ़ौरा, सारण से गिनी गणराज्य के लिए पहले लोकोमोटिव का निर्यात होगा। पटना में होने वाले कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। ये सारी योजनाएं 400-400 करोड़ की हैं।

### गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ-प्रयागराज रैक मिला

*पटना गोरखपुर वंदे भारत रैक को लेकर बताया गया बताया जाता है कि 22549/22550 नंबर की आठ कोच वाली गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ-प्रयागराज के बीच चल रही थी। अब यह वंदे भारत आठ जून से 16 कोच की रैक से चलने लगी है। ऐसे में आठ कोच वाली रेक खाली हो गई है। यह आठ कोच वाली रेक ही वंदे भारत के रूप में गोरखपुर से पटना के बीच चलाई जाएगी।*

**राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया खुलासा:** एक महीने पहले ही उसने इंदौर में यह फ्लैट किराए पर ले लिया था

राजा भरोसा मर गया

## हत्या के बाद सोनम ने इंदौर के बंद फ्लैट में बिताए थे '14 दिन' मिलने आता था राज, टीवी पर देखती रहती थी राजा की खबरें

राजा रघुवंशी के हत्यारों की योजना किसी महिला की हत्या कर उसके शव को जलाने की थी, ताकि उसे राजा की पत्नी सोनम का शव बताया जा सके और सोनम सच्चाई सामने आने तक कुछ और दिनों तक छिपी रहे।

### राजा के हत्यारे करना चाहते थे एक और हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मेघालय में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड में आखिरकार सोनम ने अपना गुनाह कबूल लिया है। मेघालय पुलिस के मुताबिक सोनम ने प्रेमी राज कुशवाहा के सामने क्रॉस-एग्जामिनेशन के दौरान माना कि उसने ही अपने पति की हत्या की साजिश रची थी। राजा की हत्या के लिए सोनम ने राज कुशवाहा को 50,000 रुपए दिए थे, ताकि वह खुद और बाकी तीन लोगों- विशाल सिंह, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत के लिए शिलॉन्ग जाने का बंदोबस्त कर सके। सोनम ने इन लोगों से ये भी कहा कि शिलॉन्ग में वे लोग उसके ऊपर नजर बनाए रखें।



### फ्लैट पर आकर मिलता था राज

*इंदौर में रहने के दौरान राज कुशवाहा लगातार उससे मिलने आता था। सोनम से मुलाकात के बाद वह उसके पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में जाता और इसलिए उसे ऑफिस पहुंचने में देर भी हो जाती थी। उधर, अपनी बहन और जीजा की तलाश में शिलॉन्ग गए सोनम के भाई गोविंद को जब यह बात पता चली तो उन्होंने फोन पर राज से देर से आने का कारण भी पूछा था।*

जबलपुर
शनिवार, 14 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–03
वर्ष : 20, अंक : 45
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 30

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का कहना है कि यह पार्टी का नियमित प्रशिक्षण वर्ग है, इसमें 201 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं

*भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का आज उद्घाटन करेंगे केंद्रीय मंत्री शाह*

# भाजपा के सांसद, विधायक और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों की पचमढ़ी में आज से 'पाठशाला'



## अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा द्वारा पचमढ़ी में 14 जून से आयोजित पार्टी नेताओं के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपरान्ह 3 बजे करेंगे। तीन तक चलने वाली इस पाठशाला का समापन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह 16 मई को करेंगे। इसमें भाजपा के सांसद, विधायक और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल सदस्य तीनों दिन यहां मौजूद रहेंगे।

- *16 जून को समापन करने आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह*
- *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रीगण तीनों दिन रहेंगे मौजूद*



### सांसद, विधायक लगाएंगे एक-एक पौधा

शर्मा ने बताया कि पचमढ़ी में सभी सांसद, विधायक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में सैद्धांतिक, व्यावहारिक, कई विषयों पर सत्र होंगे। भाजपा किस तरह से देश में काम कर रही है। संगठन तंत्र की मजबूती के साथ हम कहते हैं कि भाजपा संगठन तंत्र के आधार पर काम करने वाला विशिष्ट दल है।

### ब्रेक के दौरान ही कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

प्रशिक्षण वर्ग में विधायकों, सांसदों को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागियों के मोबाइल उनके नाम के स्टिकर लगाकर साइलेंट मोड पर एक जगह रख दिए जाएंगे। सत्रों के बाद ब्रेक के दौरान ही प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद अपने मोबाइल पर बात कर सकेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### दो मंजिला मकान की दीवार गिरी, 3 की मौत



**ग्वालियर।** शुक्रवार शाम को आंधी-बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिर गई। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, मकान मालिक सहित 2 लोग हैं। घटना शाम शंकरपुर इलाके की है। भावपुर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर में महेंद्र सिंह इंगले का मकान है। पास में ही उनका एक प्लॉट है। उस पर टीन शेड है। शाम को ग्वालियर में तेज आंधी और बारिश हुई। इसी दौरान महेंद्र के दो मंजिला मकान की दीवार टीन शेड पर ढह गई। हादसे के समय नीचे महेंद्र के साथ 5 लोग और बैठे थे। ये सभी दीवार के मलबे में दब गए। घटना का पता चलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू किया और सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में जावेद पिता रहमान (32), इजरायल पिता सलीम पहलवान (40), मफरत पिता मोहसिन खान अहमद (35) की मौत हो गई। जबकि माहिर पुत्र सलीम खान (20) और मकान मालिक महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हैं।

## पीएम मोदी पहुंचे क्रैश साइट पर, जिंदा बचे यात्री से पूछा हालचाल, एयर सेफ्टी की समीक्षा की

# सरकार ड्रीमलाइनर विमानों को हटा सकती है, तब तक हर बोइंग की टेक ऑफ से पहले होगी 'अतिरिक्त जांच'

### एयर इंडिया का एआई विमान 171 क्रैश



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

### ब्लैक बॉक्स हॉस्टल की छत पर मिला इससे जांच में मिल सकती है बड़ी मदद

### विमान का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी अब तक नहीं मिला

अहमदाबाद में लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स हॉस्टल की छत से मिल गया है। विमान का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी अब तक नहीं मिला है। जिस बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त कर लिया है।

डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है। पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा।

अहमदाबाद हवाई अड्डा कब तक शुरू हो पाएगा, इसकी जानकारी अभी विमानन विभाग ने नहीं दी है

राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे हुए





ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान की सारी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह किसी भी विमान दुर्घटना की जांच में अहम भूमिका निभाता है।

इससे पहले 2013 में बोइंग 787 की लिथियम-आयन बैटरी में आग लग गई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में इस फ्लीट पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। ऐसे में अगर अहमदाबाद हादसे के पीछे इंजन फेलियर जैसी वजहें सामने आती हैं तो 2-3 महीने या इससे ज्यादा समय के लिए भी बोइंग 787-8 की उड़ानों पर रोक लगाई जा सकती है।

*एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास ने पीएम से अपना खौफनाक अनुभव साझा किया...*

### मैं जहां था, वहां प्लेन का दरवाजा टूटा तो मैं बाहर आ सका



अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास (40) ने अपना खौफनाक अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि मेरे आसपास लाशें बिखरी पड़ी थीं। मैं घबरा गया और बाहर की ओर दौड़ा। रमेश विश्वास कुमार का अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। ...मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे उसमें से जिंदा बाहर निकल सका। क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो अहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं। मैंने सीट बेल्ट खोला और मैंने बाहर निकलने की कोशिश मेरी नजरों के सामने एयर होस्टेस और कुछ अंकल-आंटी खत्म हो गए।

ट्रैफिक जाम ने बचा ली भूमि चौहान की जान

### कहा-विमान में मैं होती तो शायद ये हादसा न होता



भूमि चौहान के लिए अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचने में 10 मिनट की देरी वरदान बन गई। ट्रैफिक जाम में फंसने की वजह से वह गुरुवार को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 में नहीं जा सकीं। भूमि चौहान ने बताया कि वह ट्रैफिक जाम की वजह से एयरपोर्ट पर देरी से पहुंचीं थी, जिसके चलते उन्हें विमान में बोर्डिंग की इजाजत नहीं मिली।

हादसे में मरने वालों में दो मप्र के भी

### इंदौर की हरप्रीत कौर और ग्वालियर के आर्यन की मौत



हरप्रीत कौर



आर्यन राजपूत

- *पति से मिलने लंदन जा रही थीं हरप्रीत*
- *हॉस्टल की मेस में खाना खा रहे थे आर्यन*

**इंदौर/ग्वालियर।** प्लेन क्रैश में इंदौर की हरप्रीत कौर होरा की भी जान चली गई। वह पति से मिलने लंदन जा रही थी। वहीं, बीजे मेडिकल कॉलेज के जिन स्टूडेंट्स की मौत हुई है, उनमें ग्वालियर का आर्यन राजपूत भी था। आर्यन के परिवार को उसकी मौत की जानकारी नहीं है, सिर्फ पिता को पता है। इंदौर में राजमोहल्ला की रहने वाली हरप्रीत (30) मायके अहमदाबाद से लंदन जा रही थीं।

*शादी भवन में हुआ हादसा*

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए 3 की मौत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर



जिले के गाडरवारा शहर के श्री पैलेश शादी भवन में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां लोहे की चार पहिया सीढ़ी (नसेनी) लेकर जा रहे मजदूरों पर अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से करंट का जबरदस्त झटका लगा। हादसे में तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से झुलस गए।

- सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया 2 2 लाख मुआवजे का ऐलान

इस घटना पर सीएम मोहन यादव ने शोक जताया है। साथ ही मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम मोहन यादव में लिखा कि गाडरवारा में एक गार्डन में करंट लगने से 3 श्रमिकों की मौत तथा 3 श्रमिकों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मृत श्रमिकों के निकटतम वैध वारिसों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। हादसा जिस मैरिज गार्डन में हुआ वह गाडरवारा के प्रमुख व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश काबरा का बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी, राजस्व विभाग और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### तीन बच्चियों पर गिरा बिजली का तार...एक की मौत



**नेपानगर।** ग्राम बोरसल में शुक्रवार सुबह घर के आंगन में खेल रही तीन मासूम बच्चियों पर बिजली का तार टूट कर गिर गया। करंट लगने से सात साल की कुरबी पुत्री मंगल की मौत हो गई, जबकि दो बच्चियां शिवानी पुत्री मंगल पांच वर्ष और ऋषिका पुत्री बिरजू छह वर्ष गंभीर रूप से झुलस गईं हैं। दोनों जिला अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं। जानकारी के अनुसार सुबह नौ बजे के आसपास तीनों बच्चियां खेल रही थीं। तभी घर को रोशन करने के लिए दूसरे झोपड़े से खींचा गया बिजली का तार टूट कर उन पर आ गिरा। नेपानगर के सहायक यंत्री आरबी पाटिल ने कहा कि एक मकान से दूसरे टपरे में अवैध रूप से तार खींच कर बिजली जलाई जा रही थी। सपोर्टिंग तार टूटने से बिजली का तार भी टूटकर नीचे गिर गया। जिससे तीनों बच्चियां करंट की जद में आ गईं।

*कंटेनर का चालक घटना के बाद फरार*

## बारातियों से भरी बस में कंटेनर घुसा एक की मौत, 12 बाराती हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर



उज्जैन जिले में शुक्रवार दोपहर बारातियों से भरी बस में एक कंटेनर जा घुसा। बस में 30-40 लोग सवार थे। हादसे में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक बच्चे को इंदौर रेफर किया गया है। घटना तराना थाना क्षेत्र के एकता होटल के पास की है। कंटेनर ड्राइवर मौके से फरार है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पचोर के कुमकुम मैरिज गार्डन, अयोध्या बस्ती से करीब 30-40 बाराती बस में सवार होकर मक्सी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक कंटेनर बस के पीछे जा घुसा।

- करीब 40 लोग सवार थे बस में

अतिक्रमण हटाने के आदेश करने के नाम पर रिश्वत मांगी

## तहसीलदार के रीडर को 10 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



लोकायुक्त पुलिस ने यहां तहसीलदार के रीडर को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। पोहरी में लोकायुक्त पुलिस ने ये कार्रवाई की जहां नाले से अतिक्रमण हटाने के आदेश करने के एवज में रिश्वत मांगी जा रही थी। पोहरी अनुभाग में शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस ने ये कार्रवाई की है। लोकायुक्त पुलिस ने पोहरी तहसील में पदस्थ रीडर पुनीत गुप्ता को 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। जानकारी के अनुसार रणधीर निवासी पीड़ित अतरसिंह धाकड़ की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है। एक आदेश को लेकर फाइल रुकी हुई थी जिसके एवज में तहसीलदार रीडर पुनीत गुप्ता ने उनसे 10 हजार रुपए की मांग की।

- पड़ोसी ने पत्थर रखकर नाला रोका था

### जबलपुर व छिंदवाडा समेत 26 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## महाराष्ट्र में अटका मानसून अगले 24 घंटे में पहुंचेगा मप्र, 15-16 से झमाझम वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ग्वालियर में 44.5 डिग्री, नर्मदापुरम में 44.4 डिग्री और नौगांव में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

प्रदेश में मानसून की आमद में दो-तीन दिन ही बाकी है। इससे पहले प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को गुना, शिवपुरी, अशोक नगर में तेज बारिश हुई। गुना में एक घंटे पानी गिरा। इधर, इंदौर, ग्वालियर, रतलाम और खंडवा में भी पानी गिरा। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में 26 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें छिंदवाड़ा, बालाघाट, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, जबलपुर, छतरपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, बुरहानपुर, भोपाल, विदिशा, अशोक सीहोर, बड़वानी, रतलाम, मंदसौर, गुना, खरगोन, उज्जैन अलीराजपुर, धार और राजगढ़ शामिल हैं। इधर इस बार प्रदेश में 15 और 16 जून को मानसूनी बारिश का अलर्ट है। इसी दौरान मानसून भी प्रदेश में आमद दर्ज करा देगा। यह पिछले 15 दिन से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है।



### *ग्वालियर, श्योपुर मुरैना में चली लू*

*शुक्रवार को ग्वालियर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, गुना और अशोकनगर में लू चली, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। जबकि भोपाल, उज्जैन, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बादल और बूंदाबांदी होती रही।*

# पिथौरागढ़ और हमचाल में बदला मौसम, तेज अंधड़ के साथ भारी
# कई मकानों की छत उड़ी, आदि कैलास मार्ग बंद, यात्री फंसे



एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

सीमांत की धारचूला और मुनस्यारी तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में एक बजे के बाद मौसम अचानक बदल गया। तेज अंधड़ के साथ भारी वर्षा हुई । भारी वर्षा से तवाघाट-लिपुलेख मार्ग पर तवाघाट से लगभग चार किमी दूर मलघाट नामक स्थान पर दो जगहों पर भारी मलबा आ गया है। पहाड़ की तरफ से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। धारचूला से आदि कैलास जाने वाले यात्री तवाघाट में फंसे है तो आदि कैलास दर्शन कर वापस लौट रहे यात्री पांगला से आगे फंसे हैं। क्षेत्र में अभी भी वर्षा जारी है। सड़क संचालक बीआरओ का कहना है कि मौसम के शांत होने के बाद और पहाड़ की तरफ से पत्थरों का गिरना बंद होने के बाद ही मार्ग खोलने की कार्यवाही होगी।

### मुनस्यारी में कई मकान क्षतिग्रस्त

धारचूला से आदि कैलास दर्शन के लिए जाने वाले अधिकांश यात्री मौसम के खराब होने से पूर्व मलघाट से आगे बढ़ चुके थे। दोपहर 12 बजे के बाद धारचूला से रवाना होने वाले यात्री फंसे हैं। वहीं आदि कैलास से लौट रहे सभी यात्री फंसे हैं। मुनस्यारी में भी तेज अंधड़ के साथ वर्षा से कुछ मकानों की छतें उड़ चुकी हैं। जिले के अन्य क्षेत्रों में धूप खिली है।

## हिमाचल में भीषण गर्मी के बीच बारिश
# शिमला-मनाली में झमाझम, सोलन में 5 गाड़ियों पर गिरे पेड़

**शिमला।** भारी गर्मी से झुलस रहे हिमाचल प्रदेश के लिए राहत की खबर है। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी मौसम ने करवट बदली है और बारिश हो रही है। शुक्रवार को प्रदेश के मंडी, मनाली, कांगड़ा और बिलासपुर जिले में बारिश हुई है। दोपहर बाद गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और ओले गिरे थे। सोलन बाजार में बारिश और तूफान के चलते पांच गाड़ियों पर पेड़ गिर गया। वहीं, मंडी के धर्मपुर के पास मंडप, बरोटी सहित अन्य इलाकों में बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है।



### ऊना, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार दोपहर ढाई बजे तीन घंटे के लिए ऊना, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि, शिमला में दोपहर तक धूप खिली हुई थी. लेकिन बाद में मौसम ने करवट ली और यहां पर अब मौसम सुहावना हो गया है। बिलासपुर के घुमारवीं में झमाझम बारिश हुई। ऊना में भी राहत की फुहारें पड़ीं।

## आईएमडी की चेतावनी
### देश के कई हिस्सों में गर्मी का अलर्ट, फिलहाल 2 दिन राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों गर्मी का सितम जारी है। उत्तर भारत तो मानो बुरी तरह जल रहा है। देश के कई राज्यों में कई जिले गर्मी-उमस से बेहाल हैं। मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार फिलहाल 4 दिन राहत की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। इसके पहले पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। , हरियाणा के सिरसा में पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में हीटवेव का असर है।



## खबर संक्षेप

### मासूम से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली की एक विशेष जिला अदालत ने 4साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो मामलों के विशेष न्यायाधीश देवाशीष पांडेय ने ऋषिपाल सिंह को दुष्कर्म का दोषी पाया। आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।



### आंध्र प्रदेश में स्कूली बच्चों को मिलेंगे 15 हजार रु.

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 'तल्लिकी वंदनम' योजना शुरू की है, जिसके तहत स्कूल जाने वाले सभी बच्चों को साल में 15 हजार रुपएदिए जाएंगे। आंध्रप्रदेश की 'तल्लिकी वंदनम' योजना 2024 के चुनावों से पहले मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए गए 'सुपर सिक्स' कल्याणकारी वादों में से एक है, जो लागू हो रही है।



### संगम क्षेत्र में पिकअप पलटी,18 श्रद्धालु घायल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुक्रवार सुबह एक पिकअप वाहन के पलटने से 18 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि वाहन में सवार श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जा रहे थे कि तभी दारागंज थानाक्षेत्र में ओडी फोर्ड चौराहे के पास यह दुर्घटना हो गई। 22 श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा पिकअप ओडी फोर्ट चौराहे पर मुड़ते समय पलट गया।



### किस्त के लिए पैसे नहीं दिए तो कुल्हाड़ी से काटा

**कैथल।** पत्नी ने बैंक की किस्त भरने के लिए पैसे देने से मना कर दिया तो पति ने पत्नी और बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में आई महिला की सास से भी मारपीट की गई। सुभाष नगर निवासी रजनी की शिकायत पर पति जोगिंद्र के विरुद्ध सिटी थाना में केस दर्ज किया गया है। वह मजदूरी का कार्य करती है। उसके पास दो लड़कियों और एक लड़का है।



### 'जान गंवाने वाली' नर्स पर पोस्ट, निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक सरकारी कर्मचारी को फेसबुक पर केरल की एक नर्स के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस नर्स की अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वेल्लारीकुंडु तालुक कार्यालय में जूनियर अधीक्षक ए पवित्रन को सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने पतनमथिट्टा की नर्स रंजीता का मजाक उड़ाया था।



## धुबरी में मंदिर में गाय के अवशेष मिलने के बाद मचा बवाल, बोले- सीएम सरमा
# पत्थरबाजी सहित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल उत्पातियों को देखते ही गोली मार दें

### मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक , कानून व्यवस्था के पालन के लिए सख्त कदम उठाने को कहा

एजेंसी ▶▶ धुबरी

यहां बढ़ते सांप्रदायिक तनाव के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने क्षेत्र में आगे अशांति को रोकने के लिए देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। सरमा ने यह फैसला एक हनुमान मंदिर में गाय के अवशेष मिलने के बाद लिया गया है। इस घटना से स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया था। सीएम सरमा कानून व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे धुबरी पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचते ही उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले धुबरी पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी थी। समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सरमा ने धुबरी शहर में देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा कि अधिकारी पत्थरबाजी जैसी घटनाओं सहित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करेंगे। यह निर्देश आज रात से लागू होगा।




उन्होंने कहा कि इस बार बकरीद पर कुछ असामाजिक तत्वों ने धुबरी के हनुमान मंदिर में गोमांस फेंककर घृणित और निंदनीय अपराध किया। उन्होंने कहा कि एक विशेष वर्ग हमारे मंदिरों को क्षति पहुंचाने की नीयत से सक्रिय हो चुका है इसलिए हमने अवैध गतिविधि देखते ही पुलिस को गोली मारने के आदेश दिए हैं।

### जरूरत पड़ी तो मैं करूंगा मंदिरों में पहरेदारी

उन्होंने कहा कि आगामी बकरीद पर अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद रात भर हनुमान बाबा के मंदिर में पहरेदारी करूंगा। उन्होंने कहाकि धुबरी में एक नया गोमांस माफिया सामने आया है, जिसने ईद से ठीक पहले हजारों पशुओं की खरीद की है। जांच चल रही है और अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा।

### अपराधियों को बिना देरी के गिरफ्तार करने का निर्देश

शांति और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरमा ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जिले में सभी ज्ञात अपराधियों को बिना देरी के गिरफ्तार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने सीमा पार से कट्टरपंथी खतरों के बारे में चेतावनी दी तथा दावा किया कि बांग्लादेश की बाहरी ताकतें क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं।

### हम सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

असम सीएम ने दृढ़ता से कहा कि मैं ऐसे तत्वों को धुबरी में शांति भंग नहीं करने दूंगा। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी स्थिति के बारे में जानकारी दी, जहां उन्होंने लिखा: बकरीद के दौरान धुबरी में क्या हुआ और हम इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हम जिले में कानून और व्यवस्था को लागू करने और सभी सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### घटना में शामिल किसी को नहीं बख्शा जाएगा

असम के सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हमारे मंदिरों और पवित्र स्थानों को अपवित्र करने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो सहनशीलता का पालन करें। शहर के हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने की घटना कभी नहीं होनी चाहिए थी और इसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। हम जिले में कानून-व्यवस्था को लागू करने और सभी सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**अत्यधिक सक्रिय हो गया एक विशेष वर्ग**

### पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े



सरमा ने कहा कि हाल ही में असम राज्य और बांग्लादेश में कुछ राजनीतिक परिवर्तन हुए हैं। इसके बाद एक विशेष वर्ग ऑनलाइन और ग्राउंड स्तर स्तर पर अत्यधिक सक्रिय हो गया है और एक सुनियोजित नकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। धुबरी शहर में 8 जून को एक मंदिर के पास मांस फेंके जाने के विरोध में प्रदर्शन हुए थे, जिस वजह से स्थिति बिगड़ गई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे।

## विमान दुर्घटना को लेकर आरोप-प्रत्यारोप
# कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी 'शर्मनाक' और निंदनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को 'असंवेदनशील' करार दिये जाने के बाद आई है। कांग्रेस ने कहा था कि 'केंद्रीय गृहमंत्री ' स्मित पर भाषण और कंधे उचकाने' के बजाय कम से कम जवाबदेही का वादा तो कर सकते थे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस की बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करतेक हुए 'एक्स' पर लिखा, 'जब पूरा देश एअर इंडिया दुर्घटना में मारे गए लोगों की मौत पर शोक मना रहा है, तब कांग्रेस राजनीति शुरू कर रही है।



### कांग्रेस ने फर्जी वीडियो साझा किया

भंडारी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के सात मिनट 11 सेकंड के वीडियो में, कांग्रेस ने फर्जी खबर फैलाने के लिए 11 सेकंड का क्लिप साझा किया। शर्मनाक है कि एकजुटता पर राजनीति हावी हो गई। भंडारी ने कहा कि तथ्य यह है कि गृह मंत्री ने कहा था कि हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि शाह ने कहा था कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं तथा आपदा प्रबंधन प्रणाली की सतर्कता का परीक्षण किया जाएगा। अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए बृहस्पतिवार दोपहर उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ही एअर इंडिया का विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में चालक दल सहित सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई।

### खेड़ा ने वीडियो में किया 'असंवेदनशील' दावा



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता । उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत 'असंवेदनशील' है।

## ईडी ने बिहार सरकार में निविदा अनियमितता मामले में छापे मारे
# पटना, मुजफ्फरपुर और सूरत समेत 9 स्थानों पर छापेमारी, सबूत और दस्तावेज जब्त किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में 'ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़'से जुड़े धन शोधन के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में 9 स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें कहा गया कि ठेकेदार से 'जुड़े' कुछ लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान 'अपराध से जुड़े' कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए।

**धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की कार्रवाई**



### रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज थी एफआईआर

धन शोधन का मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है। ठेकेदार की कंपनियां बिहार सरकार के विभिन्न विभागों जैसे जल संसाधन, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी विकास, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, शिक्षा, भवन एवं निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग में अनुबंध और उप-अनुबंध हासिल करती हैं। ठेकेदार ने लाभ के खातिर निविदाओं को सुविधाजनक बनाने अधिकारियों के साथ 'सांठगांठ' की। इसके पहले एजेंसी ने 11.64 करोड़ जब्त किए थे।

## महागठबंधन में ड्राइविंग सीट के लिए राजनीतिक 'मारामारी' शुरू
**पटना में मचा बवाल**
# दीपेंद्र ने कांग्रेस को फ्रंटफुट पर खेलने को कहा तो आरजेडी ने तेजस्वी को बढ़ने का दावा ठोका

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन कर लिया है। आरजेडी तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के आगे बढ़ने का दावा हो रहा है। कांग्रेस इसे मानने को तैयार नहीं हैं। बिहार गए कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गठबंधन राजनीति की ड्राइविंग सीट को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिससे बिहार की राजनीतिक फिजा गरमा गई है। दरअसल पटना से एक खास तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर दीपेंद्र बैठे हुए हैं। बिहार के चुनावी साल में कांग्रेस अकेले ही आंदोलन कर रही है।

बिहार में राजनीतिक पैंतरेबाजी से राजनीति में आई गरमी



### हुड्डा के दावे से राजनीति गरमाई

बिहार के युवाओं के मुद्दे को लेकर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करने पहुंचे हुड्डा के एक बयान ने फिर से बिहार की राजनीति को हवा दे दी है। हुड्डा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि चुनाव में फ्रंट फुट पर ड्राइविंग सीट पर कांग्रेस ही रहेगी।

### एनडीए ने साधा निशाना

सत्तारूढ़ भाजपा ने हुड्डा के बयान पर महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान की ओर इशारा करते हुए कहा कि जहां नेतृत्व को लेकर आपसी खींचतान जारी है। उसका विधानसभा चुनाव में क्या हश्र होगा?

**अब कांग्रेस ढीली पड़ी**

### अब की जा रही डैमेज कंट्रोल की कोशिशें

हुड्डा के इस बयान के बाद महागठबंधन डैमेज कंट्रोल में लगा हुआ है और महागठबंधन में सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहा है। बहरहाल, फ्रंट फुट या ड्राइविंग सीट का मसला कांग्रेस विधानसभा के चुनावी साल में लगातार उठाती रही है और कांग्रेस नेताओं के इस मसले पर बयान ने सत्ता पक्ष को भी महागठबंधन की एकता के दावे पर घेरने का एक बड़ा मुद्दा दे दिया है।

## यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-लॉस एंजिल्स की नई रिसर्च में दावा
# किडनी के मरीजों के लिए कोरोना वैक्सीन बनी 'रामबाण'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-लॉस एंजिल्सॉ ने शुक्रवार को एक नई रिसर्च की रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार जिन मरीजों को कोविड वैक्सीन लगी हुई थी और उन्हें कोरोना के दौरान एक्यूट किडनी इंजरी यानी किडनी संबंधित बीमारी हुई, उनकी हालत बिना वैक्सीन वाले मरीजों से बेहतर रही। रिसर्च में पाया कि जिन मरीजों को पहले से कोरोना की वैक्सीन लगी हुई थी, उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी।

### ऐसे रोगियों को डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी






**वैक्सीन लगवाने से मौत का खतरा कम हो गया :** पीयर-रिव्यूड जर्नल किडनी मेडिसिन में प्रकाशित नतीजे से पता चलता है कि वैक्सीन लगवाने से मरीजों मेंताकत कम होने का खतरा घट जाता है और मौत का खतरा भी कम हो जाता है। यूसीएलए में डेविड गेफेन स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख लेखक डॉ. निलोफर नोबख्त ने जानकारी दी।

### करीब 3,500 मरीजों का विश्लेषण किया

शोधकर्ताओं ने करीब 3,500 ऐसे मरीजों का विश्लेषण किया, जो 1 मार्च 2020 से 30 मार्च 2022 के बीच कोविड की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए थे।नोबख्त ने कहा कि वैक्सीन लगवाना फायदेमंद है। वैक्सीन लगवाने से डायलिसिस की जरूरत पड़ने का खतरा कम हो जाता है। यह लंबी और बेहतर जिंदगी के लिए एक जरूरी कदम है। उन मरीजों में से 972 मरीजों को एकेआई की समस्या थी। इनमें से 411 मरीज ने वैक्सीन नहीं लगवाई थी।

### गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम किया

रिसर्च में पाया कि जिन मरीजों को पहले से कोरोना की वैक्सीन लगी हुई थी, उन्हें डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी। वैक्सीन न लेने वाले मरीजों की तुलना में उनकी जान बचने की संभावना ज्यादा रही। एक्यूट किडनी इंजरी कोरोना से संक्रमित लोगों में काफी आम है। लगभग 46 प्रतिशत मरीजों को यह समस्या हो सकती है। यह बीमारी किडनी के काम में कमी ला सकती है, अगर ज्यादा गंभीर हो तो मरीज को डायलिसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। कोविड वैक्सीन गंभीर जटिलताएं होने के खतरे को कम कर सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 'ठग लाइफ' विवाद
# कर्नाटक सरकार से फिल्म की रिलीज को लेकर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर कथित धमकियों से सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। जज प्रशांत कुमार मिश्रा और जज मनमोहन की पीठ ने एम महेश रेड्डी की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध को चुनौती दी गई है। अगली सुनवाई अगले मंगलवार को होगी। रेड्डी ने याचिका में कहा कि फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण मिला है। इसके बावजूद, कर्नाटक सरकार ने सिनेमाघरों में इसकी रिलीज को कथित तौर पर रोका है। उन्होंने दलील दी कि इसमें कोई आधिकारिक निषेधाज्ञा या एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



## एयर इंडिया विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी

# थाईलैंड में प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी 156 यात्री सुरक्षित, पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोई नुकसान नहीं, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ फुकेट

फुकेट से दिल्ली आ रहा था एआई-370 विमान | अंडमान सागर पर चक्कर लगाकर वापस फुकेट आया

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिग कराई गई। विमान में बम मिलने की सूचने मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने विमान के इमरजैंसी लैंडिंग की योजना बनाई। यह विमान फुकेट से दिल्ली आ रहा था। बम की धमकी मिलने के तुरंत बाद फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (एसीपी) सक्रिय कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षापूर्ण तरीके से फ्लाइट एआई-379 लैंड हो गई है। विमान में 156 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया है।



### पूरे विमान को खाली कराया

थाईलैंड हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार विमान ने शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे फुकेट हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसे 12:40 बजे दिल्ली उतरना था। लेकिन अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए विमान 11:40 बजे वापस फुकेट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर गया। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अफसरों ने पूरे विमान को खाली कराया और जांच शुरू कर दी है।

## नांगलपुर इलाके में उतरा अपाचे, मौके पर पहुंचे सैन्य अधिकारी

चंडीगढ़। पठानकोट के नंगलभूर-मीरथल क्षेत्र के अधीन आते गांव अनेड़ में सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई है। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई है। आपात लैंडिंग के पीछे की अभी तक वजह तकनीकी फाल्ट बताई जा रही है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही आर्मी और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को घेर लिया। हादसे में फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।



### तकनीकी फॉल्ट के कारण हुई लैंडिंग

*जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह एयरबेस स्टेशन पठानकोट से अपाचे हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। कुछ ही देर बाद तकनीकी फाल्ट के कारण इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। यह भी सामने आया है कि इस हेलीकॉप्टर से सर्च की जा रही थी। सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं और क्या तकनीकी फाल्ट रहा, इसका पता लगाया जा रहा है।*

### एक हफ्ते में दूसरा हादसा

*इससे पहले सहारनपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई थी। एक हफ्ते के अंदर अपाचे की यह दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पठानकोट से ही उड़ा था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही गांव में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।*

### 18 देश करते हैं इस्तेमाल

अपाचे हेलीकॉप्टर को वहीं बोइंग कंपनी बनाती है, जिसका प्लेन गुरुवार को अहमदाबाद में क्रैश हो गया था। अपाचे हेलीकॉप्टर ने 30 सितंबर 1975 को पहली बार उड़ान भरी थी। साल 1986 में इसे अमेरिकी सेना में शामिल किया गया। इसके बाद अन्य देशों ने इसे खरीदा। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल अमेरिका, भारत, इजराइल, नीदरलैंड्स, और ऑस्ट्रेलिया समेत 18 देश करते हैं।

## खबर संक्षेप

### गूगल क्लाउड में आई समस्या, सेवाएं प्रभावित

**वॉशिंगटन।** गूगल क्लाउड में गुरुवार को आई बड़ी तकनीकी समस्या के कारण दुनियाभर में लाखों यूज़र्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आउटेज से स्पॉटिफाई, डिस्कॉर्ड, स्नैपचैट, ट्विच, शॉपिफाई और एआई कंपनी एंथ्रोपिक जैसी बड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। गूगल की अपनी सेवाएं जैसे जीमेल, गूगल मीट, यूट्यूब और गूगल सर्च भी कुछ देर के लिए ठप हो गईं। यह दिक्कत आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट सर्विस में आई।




### कांगो में नाव डूबने से 30 लोगों की मौत

**ब्राजाविल।** कांगो के उत्तर-पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में खराब मौसम के कारण एक नाव डूबने से कई छात्रों सहित कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। कई लोगों की तलाश जारी है, जो अभी भी लापता हैं। क्षेत्रीय प्रशासक जस्टिन मपुटु ने बताया कि नाव बुधवार देर रात बिकोरो क्षेत्र में टुम्बा झील के किनारे ग्रामीणों और सामान को ले जा रही थी, जब यह डूब गई। उन्होंने बताया कि तीस शव बरामद किए गए हैं और कई लोग लापता हैं।



## इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर किए हमले

# दोनों देशों के बीच तनाव के चलते एयर इंडिया ने बदले कई उड़ानों के रूट, जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य स्थलों पर प्री-एम्पटिव (पहले से की गई सुरक्षा) कार्रवाई करते हुए हमला किया। इससे पूरे ईरान में अफरा-तफरी मच गई। पलटवार करते हुए ईरान ने भी इजराइल पर ड्रोन दागे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इजराइल, ईरान, इराक और जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस संघर्ष का असर एयरलाइंस के परिचालन पर भी पड़ा है। एअर इंडिया और कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइंस को अपनी फ्लाइट या तो रद्द करनी पड़ी या उन्हें डायवर्ट कर दिया गया।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रूट डायवर्ट किए जा रहे हैं और कुछ फ्लाइट्स को वापस भेजा जा रहा है। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव और क्षेत्र में एयरस्पेस को लेकर अनिश्चितताओं के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि ईरान में मौजूदा स्थिति के कारण वहां के हवाई क्षेत्र को बंद करने और हमारे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एयर इंडिया की उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है या उन्हें वापस भेजा जा रहा है। एडवाइजरी में यात्रियों को उनकी एयरलाइन को लेकर लेटेस्ट शेड्यूल और अपडेट्स चेक करने की सलाह दी गई।

### इन रूटों पर यातायात किया डायवर्ट



एआई130- लंदन हीथ्रो-मुंबई (वियना की ओर परिवर्तित), एआई102- न्यूयॉर्क-दिल्ली (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई116- न्यूयॉर्क-मुंबई (जेद्दा की ओर परिवर्तित), एआई2018- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (मुंबई की ओर परिवर्तित गया, एआई129- मुंबई-लंदन हीथ्रो (मुंबई वापस लौट रही है), एआई119- मुंबई-न्यूयॉर्क (मुंबई वापस लौट रही है), एआई103- दिल्ली-वाशिंगटन (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई106- नेवार्क-दिल्ली (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई188- वैंकूवर-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई101- दिल्ली-न्यूयॉर्क (फ्रैंकफर्ट/मिलान की ओर परिवर्तित), एआई126- शिकागो-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई132- लंदन हीथ्रो-बेंगलुरु (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई2016- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई104- वाशिंगटन-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई190- टोरंटो-दिल्ली (फ्रैंकफर्ट की ओर परिवर्तित) और एआई189- दिल्ली-टोरंटो (दिल्ली वापस लौट रही है)।

### असुविधा पर एयर इंडिया ने खेद जताया

एयरलाइन ने कहा कि इस व्यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कंपनी यात्रियों के लिए आवास उपलब्ध करवाने के हर संभव प्रयास कर रही है। रिफंड ऑन कैंसलेशन और कॉम्प्लीमेंट्री रीशेड्यूलिंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। सभी यात्री अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करते रहें

### दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी

दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के संचालन पर फिलहाल कोई असर नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्राएं जारी हैं। हालांकि, इजराइली हमले के चलते कुछ उड़ाने प्रभावित जरूर हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है।


### भारतीय सतर्क रहें

इजराइल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर गैर जरूरी यात्रा से बचें और सुरक्षा स्थलों के नजदीक रहें।

### परमाणु खतरे को रोकना

## इजराइल का 'राइजिंग लायन' सैन्य अभियान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का नाम ऑपरेशन राइजिंग लायन रखा गया है। नेतन्याहू ने बताया कि इस अभियान को शुरू करने का मकसद ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। नेतन्याहू ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करके अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास नौ परमाणु बम बनाने जितना उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार है। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि ईरान कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। नेतन्याहू ने वर्तमान स्थिति की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध से की और बढ़ते खतरों के सामने होलोकॉस्ट और अतीत की वैश्विक निष्क्रियता का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा कि 80 साल पहले, यहूदी लोग नाजी शासन के अत्याचार के शिकार थे। आज, यहूदी देश ईरानी शासन के पमाणु खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। नेतन्याहू ने यह भी साफ किया कि इजराइल कभी किसी ऐसे देश को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा, जो उसका विनाश करना चाहते हैं।



### भारत-बांग्लादेश की साझा विरासत

## टैगोर के पैतृक घर पर हमला 5 आरोपी गिरफ्तार, जांच शुरू



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में स्थित नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ की घटना से सभी हैरान हैं। यह संपत्ति बांग्लादेश सरकार के पुरातत्व विभाग के तहत संरक्षित है और टैगोर के बेमिसाल साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान का प्रतीक मानी जाती है। बांग्लादेश सरकार ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। यह घटना कुछ दिन पहले तब सामने आई, जब संपत्ति के रखवाले और यहां आने दो जायरीन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद संपत्ति में तोड़फोड़ की खबरें आईं, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने 10 जून को इस संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया। जिला प्रशासन ने घटना की गहराई से जांच के लिए एक स्थानीय जांच बोर्ड का भी गठन किया है।

### सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे

*बांग्लादेश सरकार ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया जाएगा। साथ ही इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए एक बयान में कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर हमारे लिए सिर्फ एक कवि नहीं बल्कि हमारी भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रतीक हैं। बांग्लादेश की जनता और सरकार उनके योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। इस घटना को किसी भी सूरत में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता को तोड़ने के लिए इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में भी गहरा गुस्सा है। उन्होंने तोड़फोड़ की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और टैगोर की विरासत को सुरक्षित रखने की मांग की है।*

### विदेश सचिव मिसरी और चीनी उप विदेश मंत्री की अहम बैठक

# भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें जल्द शुरू करने पर सहमत, सरल होगी वीजा प्रक्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को नई दिल्ली में चीन के उप विदेश मंत्री सन वेइदोंग से मुलाकात की। सन वेइदोंग 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें जल्द शुरू करने के लिए कदम तेज करने पर सहमति जताई गई है। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी 2025 को बीजिंग में हुई पिछली मुलाकात के बाद भारत-चीन संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। संबंधों को स्थिर और बेहतर बनाने पर सहमति जताई।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा की सराहना की



मिसरी ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीन के सहयोग की सराहना की। उन्होंने सीमा पार नदियों के जल विज्ञान डेटा और सहयोग के लिए अप्रैल में हुई विशेषज्ञ स्तर की बैठक का जिक्र किया और इस दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद जताई। दोनों देशों ने भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें जल्द शुरू करने के लिए कदम तेज करने पर सहमति जताई। साथ ही, वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने, मीडिया और थिंक टैंक्स के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए भी व्यावहारिक कदम उठाने पर सहमति बनी।

### भारत-चीन संबंधों की 75वीं वर्षगांठ

इस साल भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। दोनों पक्षों ने इस मौके पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की सराहना की और इन्हें सफल बनाने का वादा किया। इसके अलावा, आर्थिक और व्यापार जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट मुद्दों को हल करने के लिए कार्यात्मक संवाद आयोजित करने पर भी दोनों पक्ष सहमत हुए। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की बैठकें दोनों देशों के बीच संवाद को मजबूत करती हैं और भविष्य में सहयोग के नए अवसर खोलती हैं।

### गाजा में तत्काल स्थायी युद्धविराम का प्रस्ताव

# यूएनजीए में पक्ष में 149 वोट पड़े, भारत मतदान से रहा दूर

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में 'तत्काल, बिना शर्त और स्थायी' युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है।



### भारत-मंगोलिया सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलिफैंट'




**उलानबातार।** भारत और मंगोलिया के बीच आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलिफैंट 2025' का सफल समापन शुक्रवार को मंगोलिकया के उलानबातार में हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने की। समारोह में मंगोलिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल बातार बालजिद, भारत के राजदूत अतुल एम. गोत्सुरवे और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। यह अभ्यास 31 मई से 13 जून 2025 तक चला और इसका उद्देश्य पहाड़ी व अर्धशहरी क्षेत्रों में संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा अर्ध-पारंपरिक अभियानों को अंजाम देने में इंटरऑपरेबिलिटी यानी पारस्परिक संचालन क्षमता को बढ़ाना था।

### कंगाल पाकिस्तान की खुली किस्मत

# रेको दिक प्रोजेक्ट के लिए 70 करोड़ डॉलर का मिला लोन

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में रेको दिक परियोजना के लिए विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ने 70 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। यह परियोजना बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है, जो देश के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। इस मंजूरी के बाद निजी क्षेत्र से परियोजना में 2.5 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद जताई जा रही है। इस परियोजना का स्वामित्व बैरिक गोल्ड और केंद्र और बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से है। परियोजना के पहले चरण के लिए वित्तपोषण को लेकर कई ऋणदाताओं के साथ चर्चा की जा रही है। यहां 2028 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।



हालिया अध्ययन ने परियोजना के दायरे को बढ़ाया है। पहले चरण में यहां से होने वाले खनिजों के उत्पादन का अनुमान 40 मीट्रिक टन से बढ़कर 45 मीट्रिक टन प्रति वर्ष किया गया है और चरण दो में 80 मीट्रिक टन से बढ़कर 90 मीट्रिक टन प्रति वर्ष किया गया है। खदान का जीवनकाल 42 वर्ष से संशोधित कर 37 वर्ष कर दिया गया है।

### बाबा अमरनाथ यात्रा मार्ग पर स्वच्छता सुविधाओं का मूल्यांकन होगा

# क्यूआर फीडबैक सिस्टम लागू, तीर्थयात्री देंगे सफाई पर रेटिंग

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

नुनवान बेस कैंप सहित विभिन्न शिविर स्थलों का जायजा लिया | तीर्थयात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, चिकित्सा का ध्यान रखने के निर्देश

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण विकास (आरडीडी) और पंचायती राज विभाग के सचिव मोहम्मद ऐजाज असद ने गुरुवार को श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 की तैयारियों के तहत पहलगाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्वच्छता सुविधाओं का व्यापक मूल्यांकन किया और अधिकारियों के उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने नुनवान बेस कैंप से चंदनवाड़ी होते हुए पिस्सू टॉप, जोजीबल, वावबल और शेषनाग तक विभिन्न शिविर स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। सचिव के साथ महानिदेशक ग्रामीण स्वच्छता अनु मल्होत्रा, एसीडी अनंतनाग शफीक अहमद, बीडीओ पहलगाम सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। सचिव ने यात्रा मार्ग पर शौचालय, स्नानगृह, कूड़ेदान, जल निकासी और अपशिष्ट पृथक्करण स्थलों की स्थापना और कार्यक्षमता की समीक्षा की।

### अलग खबर — पर्यावरण अनुकूल कचरा निपटान के दिए निर्देश



*उन्होंने नुनवान और यात्रा मार्ग के अन्य स्थानों पर कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाने, शून्य-लैंडफिल नीति को लागू करने और कचरा स्रोत पर ही अलग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रे वाटर प्रबंधन के लिए जलभराव से बचाव और पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट निपटान पर विशेष ध्यान देने को कहा। सचिव ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, चिकित्सा और जलापूर्ति जैसी आवश्यकताओं पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।*



# एमएलसी : एलन ने मचाई तबाही, वर्ल्ड रिकॉर्ड 19 छक्के ठोक बनाए सबसे तेज 150 रन

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के स्टार ओपनर फिन एलन ने मेजर क्रिकेट लीग 2025 के ओपनिंग मैच में तबाही मचाई। उन्होंने 34 गेंदों में शतक ठोक हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे तेज शतक है। उनकी इस धुआंधार पारी के दम पर सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स निर्धारित 20 ओवर में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 269 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। एलन ने 51 गेंदों पर 5 चौके और 19 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। फिन एलन के नाम इसी के साथ एक पारी में सर्वाधिक 19 छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था जिन्होंने एक पारी में 18-18 छक्के जड़े थे।



### टी20 में सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 27 | साहिल चौहान | एस्टोनिया |
| 33 | जान निकोल | नामीबिया |
| 33 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे |
| 34 | कुशाल मल्ला | नेपाल |
| 34 | फिन एलन | न्यूजीलैंड |
| 35 | रोहित शर्मा | भारत |

### जड़ा सबसे तेज शतक

एलन के नाम अब एमएलसी के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन को पछाड़ा है। पूरन ने इस टूर्नामेंट में 40 गेंदों पर सेंचुरी जड़ी थी। एलन अंततः 51 गेंदों पर 151 रन बनाकर मिशेल ओवेन की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट हुए। एलन ने 49 गेंदों पर 150 रन पूरे किए और वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले भी प्लेयर बन गए हैं।

### लीग का सबसे बड़ा स्कोर

फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ पारी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में 269 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो एमएलसी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। एलन के अलावा संजय कृष्णमूर्ति और हसन खान ने भी अहम भूमिका निभाई और 180 और 211.11 की स्ट्राइक रेट से क्रमशः 36 और 38 रन बनाए। जवाब में वाशिंगटन की टीम 13.1 ओर में 146 रन पर आलआउट हो गई।

## वनडे : नीदरलैंड ने हासिल किया इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, मैक्स ओ डोड ने बनाए नाबाद 158 रन



डंडी। सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### नीदरलैंड का सबसे बड़ा रन चेज

स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुंसे ने 150 गेंदों पर 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है।

### वनडे में सफल रन चेज

| टीम | लक्ष्य | बनाम | हासिल स्कोर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 435 | ऑस्ट्रेलिया | 438/9 | 2006 |
| द.अफ्रीका | 372 | ऑस्ट्रेलिया | 372/6 | 2016 |
| नीदरलैंड्स | 370 | स्कॉटलैंड | 373/6 | 2025 |
| इंग्लैंड | 361 | वेस्टइंडीज | 364/4 | 2019 |
| भारत | 360 | ऑस्ट्रेलिया | 362/1 | 2013 |



## कलर्स रिश्ते पर बैरिस्टर बाबू का प्रसारण सोमवार से

**जबलपुर।** कलर्स रिश्ते पर सोमवार से शाम 7:20 बजे से भारतीय टेलीविजन के सबसे साहसी और क्रांतिकारी नाटकों में से एक, बैरिस्टर बाबू का एक बार फिर से प्रसारण शुरू किया जा रहा है। यह डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध होगा। यह शो एक सशक्त सामाजिक संदेश देता है। आजादी से पहले के परिदृश्य में स्थित इस शो में एक युवा लड़की और उसके प्रगतिशील गुरु के बीच का संबंध दिखाया गया है, जो बाद में उसका पति बन जाता है। यह बोंदिता की कहानी है, जिसका किरदार प्रतिभाशाली बाल कलाकार औरा भटनागर ने निभाया है।

## भविष्य के लिए तैयार स्कोडा

**जबलपुर।** भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो चुके हैं। ग्राहकों के और करीब पहुँचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम ब्रांड, प्रोडक्ट, नेटवर्क और ग्राहक केन्द्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है। इस मौके पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा, "यूरोप के बाहर भारत स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है।





## मराठा रॉयल्स ने जीता मुंबई लीग का खिताब

मुंबई। मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने शुक्रवार को फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

## खोखो: तीसरे सत्र में शामिल होंगे बड़े खिलाड़ी

गुरुग्राम। भारतीय खो-खो महासंघ ने शुक्रवार को घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से हो रही है। हम गर्व के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि इसमें पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। यह कदम न केवल लीग की प्रतिस्पर्धा को नयी ऊंचाई देगा बल्कि भारत को खो-खो का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी दृष्टि को भी दर्शाता है।'

### लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आज होगा प्रो-लीग मुकाबला

एजेंसी ▸▸ एंटवर्प

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी।' नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी।



### महिला हॉकी टीम भी आज ऑस्ट्रेलिया को देगी चुनौती

लंदन। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### इथेनॉल और पोल्ट्री उद्योग की डिमांड में है कमी

# पोल्ट्री फार्म में घटी मक्के की मांग मुर्गियों को बीबीडी रोग की समस्या

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

इथेनॉल और पोल्ट्री दोनों उद्योग मक्का के बड़े उपभोक्ता हैं। हाल ही में इन उद्योगों की मांग में कमी आई है, जिससे मक्का की कुल मांग पर असर पड़ा है। बाजार जानकार और मक्का कारोबारी मनीष मरेले ने बताया कि मक्का की खपत मूर्गी दाना के रूप में अधिक होता है, लेकिन मौजूदा समय में मुर्गियों में बीबीडी रोग की समस्या होने से मक्का की मांग कमी आई है।

मक्का की खपत में गिरावट से किसानों की आय पर भी असर पड़ा है। मक्का कारोबारी मनीष बताते हैं कि मक्का की मांग कम होने का मुख्य कारण इथेनॉल और पोल्ट्री उद्योग से मांग कम होना है। इसके अतिरिक्त मक्का का आयात भी बढ़ गया है, जो घरेलू आपूर्ति पर दबाव डाल रहा है। मक्का का मौजूदा भाव 2200 से 2300 रुपए क्विंटल है । उनके अनुसार 2025 में मक्का की खपत में गिरावट बनी रहेगी । इसका मुख्य कारण है कि वैश्विक स्तर पर मक्का के स्टॉक, उपयोग अनुपात में कमी है, जो 2024/25 में 23.3 फीसदी और 2025/26 में 22.3 फीसदी तक गिर जाएगा। बताया जा रहा है कि इस बार मक्का फसल बहुत अच्छी है, इसलिए लोग अपने पास अच्छा स्टॉक रखते नजर आ रहे हैं साथ ही, स्टॉक करने वालों के पास पिछले साल का स्टॉक भी है। स्टॉकिस्ट सरकार द्वारा अनाज आधारित इथेनॉल की कीमत बढ़ाने का इंतजार कर रहे हैं।



### *चार वर्षों की तुलना में मक्का का आयात 10 गुना अधिक*


*भारत में मक्के का निर्यात 2021-22 में 37.27 लाख मीट्रिक टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन 2024-25 में यह अचानक घट गया। अब भारत मक्का का शुद्ध आयातक बन गया है। मक्का का आयात 2024-25 में पिछले चार वर्षों के आयात की तुलना में 10 गुना से भी अधिक था। इधर मक्का वायदा 9 जून को छह महीने के निचले स्तर 4.335 डॉलर से उछलकर लगभग 4.40 डॉलर प्रति बुशल पर पहुंच गया, क्योंकि अमेरिकी आपूर्ति संबंधी चिंताएं और मजबूत मांग की गतिशीलता पर्याप्त वैश्विक फसल संभावनाओं से अधिक है। यूएसडीए के जून आपूर्ति-और-मांग अपडेट ने 2024/25 के अंतिम स्टॉक को 1.3 मिलियन टन घटाकर 44.5 मिलियन कर दिया, जो सख्त घरेलू बैलेंस शीट को रेखांकित करता है, जबकि साप्ताहिक निर्यात निरीक्षण लगातार पूर्वानुमानों से अधिक रहा है, जो मजबूत विदेशी भूख का संकेत देता है।*

### एक्सिस बैंक ने किया 'कचरे से सर्वश्रेष्ठ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** एक्सिस बैंक ने पर्यावरण जागरूकता पर लोगों को जोड़ने के निरंतर प्रयास के अंग के रूप में भोपाल में कई जगहों पर 'ओपन फॉर द प्लैनेट' बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट (कचरे से सर्वश्रेष्ठ) कार्यशालाओं का आयोजन किया। भोपाल नगर निगम और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ), मान के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत आवासीय समुदायों (रेजिडेंशियल कम्युनिटी) को प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने और पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक बनाया गया।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5897



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5896 का हल



## सूडोकु नवताल - 5907

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5906 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

खबर संक्षेप



## इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण

**बेकेनहैम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं। नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था।

## मां के बीमार होने के कारण लौटे गंभीर

**बेकेनहैम।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने परिवार में आपात स्थिति के कारण शुक्रवार को स्वदेश लौट गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गंभीर को अपनी मां से मिलने के लिए वापस जाना



पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा, 'हां। वह पारिवारिक आपातस्थिति के कारण भारत वापस लौट गए हैं।'

## एक्लेस्टोन की इंग्लैंड की टी20 टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 श्रृंखला के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

डब्लूटीसी फाइनल : नंबर 9 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए जड़ी 8वीं फिफ्टी

# स्टार्क का रिकार्ड 11वां टेस्ट अर्धशतक नौवें नंबर पर बल्ले से मचाया धमाल

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। कंगारुओं ने प्रोटियाज के सामने 282 रन का लक्ष्य रखा है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मिचेल स्टार्क छा गए। उन्होंने बेहतरीन अर्धशतक जमाया और नाबाद पवेलियन लौटे। स्टार्क 136 गेंद में पांच चौके की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी, एलेक्स कैरी और हेजलवुड की बदौलत एक वक्त 73 रन पर सात विकेट गंवा चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी मे 200 रन के पार जा सकी। स्टार्क ने कई रिकॉर्ड भी बनाए।

स्टार्क का यह टेस्ट कॅरियर का 11वां अर्धशतक रहा। स्टार्क ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की, फिर लियोन के साथ नौवें विकेट के लिए 14 रन की और फिर हेजलवुड के साथ आखिरी विकेट के लिए 135 गेंद में 59 रन की साझेदारी निभाई। हेजलवुड 17 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कैरी ने 50 गेंद में पांच चौके की मदद से 43 रन की पारी खेली। अब तक केवल दो बल्लेबाजों ने एक ही देश में टेस्ट मैचों में नंबर नौ या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए पांच बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। इनमें स्टुअर्ट ब्रॉड और स्टार्क शामिल हैं। दोनों ने ही इंग्लैंड में ऐसा किया है।



### सबसे ज्यादा स्टार्क ने जड़े अर्धशतक

स्टार्क का यह नंबर नौ या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए आठवां अर्धशतक रहा। वह ऐसा करने वालों में शीर्ष पर हैं। नौवें या इससे नीचे के नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट में स्टार्क से ज्यादा अर्धशतक किसी ने नहीं लगाए हैं। स्टार्क के बाद इस लिस्ट में स्टुअर्ट ब्रॉड और डेनियल विटोरी का नंबर आता है। इन दोनों ने छह-छह बार ऐसा किया है।

### द.अफ्रीका को दिया 282 रन का लक्ष्य

मिचेल स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। समामचार लिखे जाने तक अफ्रीका ने दो विकेट के नुकसान पर 94 रन बना लिए थे। एडेन मारक्रम 49 और तेंबा बावुमा 11 रन बनाकर खेल रहे थे।

### चौथी सबसे बड़ी साझेदारी

हेजलवुड और स्टार्क के बीच 10वें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी लॉर्ड्स में किसी मेहमान टीम के बल्लेबाजों द्वारा चौथी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के ही हैरी बॉयल और टप स्कॉट की जोड़ी शीर्ष पर है। इन दोनों ने 1884 में लॉर्ड्स में ही इंग्लैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी निभाई थी।

### काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे खिलाड़ी

**लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए काली पट्टी बांधकर उतरे। बता दें कि, गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ हुआ था। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हो गई। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे।

निशानेबाज

## सुरुचि की वर्ल्ड कप में गोल्डन हैट्रिक फाइनल में हासिल किए 241.9 अंक



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

### निकितेंको को हराकर अभिजीत ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने शुक्रवार को यहां बेलारूस के मिहेल निकितेंको पर नौवें दौर में शानदार जीत के बाद दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में एकल बढ़त हासिल कर ली। गुप्ता नौवें दौर के बाद आठ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में गुप्ता अब जीत के दावेदार होंगे। इस मुकाबले से पहले गुप्ता और निकितेंको संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। सफेद मोहरों से खलते हुए भारतीय खिलाड़ी को बेलारूस के खिलाड़ी को शिकस्त देने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

## भाग्यशाली हूं कि मुझे फिर से मौका मिला

**बेकेनहैम।** भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है और करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा, बेहद खास महसूस हो रहा है। मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है।

## विश्व टीम शतरंज : भारत के तायडे ने बिखेरी चमक

**लंदन।** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है।

हॉकी

## भारत की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत, 3-2 से किया कब्जा



एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की।

सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया।

बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### जर्मनी और आयरलैंड के ग्रुप में भारत



**लुसाने।** भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है। यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।'


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (म./स.) संभाग अनूपपुर (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 02 / एस. ए. सी. / अनूपपुर / 2025 - 26 — निविदा सूचना — अनूपपुर, दिनांक 27/05/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_426846_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | संभाग अनूपपुर अन्तर्गत विभिन्न मार्गों में निर्माण एवं मरम्मत कार्य | प्रथम | 50.00 | 5000/- | 50000/- | 10 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2025_PWDRB_426849_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा अनूपपुर के अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | प्रथम | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 3 | 2025_PWDRB_426853_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा अनूपपुर के अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | प्रथम | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 4 | 2025_PWDRB_426856_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा राजेन्द्रग्राम के अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | प्रथम | 8.00 | 2000/- | 16000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 5 | 2025_PWDRB_426860_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा राजेन्द्रग्राम के अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | प्रथम | 8.00 | 2000/- | 12760/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| | | | | कुल योग 05 नग | | 91.00 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 27.05.2025 (17.30 ए.एम.) से अंतिम तिथि 16.06.2025. (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ /स) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

G-14288/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय सेनानी, 35वीं (भा.र.) वाहिनी विसबल, ग्वारा, मण्डला, (म.प्र.)**

दूरभाष/ फैक्स नम्बर -07642 251676, ई-मेल - co35bn_saf@mppolice.gov.in

सूचना पत्र

मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम-2015 ( यथा संशोधित - 2022 ) के नियम क्र.-37 के बिन्दु क्र.-.1 एवं क्र.-.2 में निहित प्रावधानों अनुसार 35वीं (भार) वाहिनी विसबल ग्वारा, मण्डला के प्रशासकीय/आवासीय भवनों का मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराने हेतु फर्मो/संस्थाओं को निम्नांकित शर्तो के अधीन इकाई में इम्पैनल्ड (सूची तैयार करना) किया जाना है :-

1. फर्म/संस्था के लोक निर्माण विभाग की पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
2. फर्म/संस्था के म.प्र. दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. फर्म / संस्था के GST Registraion प्रमाण पत्र की छायाप्रतिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का GST Return भरा हुआ होना चाहिए छायाप्रति ।
4. फर्म/संस्था के EPF पंजीयन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ।
5. फर्म/संस्था के संस्थापक का PAN Card एवं Aadhar Card की छायाप्रति ।
6. फर्म / संस्था का Bank Account no, Bank Name & Address, Bank IFSC Code with Cancel Check, E-mail ID, Mobile no. फर्म/संस्था का पूरा पता (फर्म/संस्था के लेटरहेड पर)।
7. विगत 02 (दो) वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 का ITR की छायाप्रति ।
8. शासकीय विभागों में किये गए कार्यो के संबंधित विभाग द्वारा जारी कायार्देश संबंधी दस्तावेजों की छायाप्रति । 9. प्रारूप 'अ' अनुसार राशि-100/- रुपए के स्टॉम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. फर्म/संस्था को मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम-2015 (यथा संशोधित - 2022 ) के नियम क्र0-15 के बिन्दु क्र.-'क' अनुसार कायार्देश के समय निष्पादन प्रतिभूति संविदा के मूल्य का 03 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट / डीडी, मियादी जमा के रूप में जमा कराना होगा।
11. इच्छुक फर्म/संस्था/विभाग इस इकाई में दिनांक 24-06-2025 के 12:00 बजे तक उपरोक्तानुसार दस्तावेज जमा कर सकते है।
12. दिनांक 25-06-2025 को समय 15:00 बजे सेनानी कार्यालय 35वीं वाहिनी परिसर स्थित उपसेनानी कक्ष में फर्म/संस्था द्वारा प्रस्तुत सीलबन्द लिफाफा खोलकर दस्तावेज परीक्षण किये जायेंगे। दस्तावेज में सफल फर्मो/संस्थाओं को इस इकाई में सूचीबध्द की कार्यवाही की जावेगी।
13. इकाई में आवासीय / प्रशासकीय भवनों में मरम्मत/निर्माण कार्यो के कायार्देश में जारी दिशा निर्देशों के अनसार कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नही करने अथवा कार्य की गुणवत्ता में कमी पायी जाने पर फर्म को Black List कर दिया जावेगा।
14. उपरोक्त समस्त शर्तो में संशय / विवाद की स्थति उत्पन्न होने पर सेनानी, 35वीं (भार) वाहिनी विसबल ग्वारा, मण्डला का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

शपथ पत्र

यह कि मै (फर्म/संस्था प्रो. का नाम )......35वीं (भार) वाहिनी विसबल ग्वारा, मण्डला के अवासीय / प्रशासकीय भवनों में मरम्मत / निर्माण कार्य हेतु सेनानी 35वीं (भार) वाहिनी विसबल ग्वारा, मण्डला द्वारा दिये गये प्राक्कलन एवं कायार्देश में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करूंगा तथा कार्य पूर्ण उपरांत ही देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करूंगा। यह कि मेरे द्वारा कायार्देश दिए गए प्राक्कलन एवं कायार्देश में जारी दिशा-निर्देशों के अनसार कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नही किया जाता है अथवा कार्य की गुणवत्ता में कमी पायी जाने पर म.प्र. शासन प्रावधान/म.प्र. पुलिस जीओपी क्रमांक 151/22 में निहित प्रावधान अनुसार दाण्डिक राशि काटकर देयक भुगतान किये जाने हेतु सहमत हूँ। कार्य के दौरान फर्म के कर्मचारियों / मजदूरों की सम्पर्ण सुरक्षा/सुरक्षा मापदण्डों का पालन करूंगा।

हस्ताक्षर
फर्म/संस्था के संस्थापक का नाम..........
मो.नं....................................
फर्म/संस्था की सील........................

G-14291/25 (सेनानी)35वीं (भा.र.) वाहिनी विसबल मण्डला



**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
**Municipal Corporation Chhindwara (M.P.)**

Add- In front of Shkla ground guraiya road ward no. 39 Chhindwara (M.P.)-480001
Tel- 07162-222346
E-mail-commchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/ /लो.नि./शा./न.पा.नि./25-26 ।। निविदा ।। छिन्दवाड़ा दिनांक 12/06/2025

शासकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा में सांसद निधि अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य की नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल द्वारा एस.ओ.आर. अगस्त 2021 अनुसार सीलबंद निविदायें दिनांक 30/06/2025 को 3-00 बजे तक मोहरबंद लिफाफे में मय अमानत राशि के साथ आमंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधि के समक्ष 4-00 बजे खोली जावेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 27/06/2025 को समय 4-00 बजे तक प्रदाय किये जावेंगे।

विवरण

| क्रं0 | निर्माण कार्यों के नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की सक्षम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल वार्ड क्र. 04) छिन्दवाड़ा | 500000 | 5000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन |
| 2 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (गाडरी ढाना आर.टी.ओ. ऑफिस के पास पवार पेट्रोल पम्प के पास) छिन्दवाड़ा | 1000000 | 10000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन |
| 3 | टीन शेड निर्माण कार्य (परमात्मा एक भवन बरारीपुरा वार्ड क्र. 23) छिन्दवाड़ा | 500000 | 5000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन |

1. अमानत राशि आयुक्त के नाम टी0डी0आर0 / नगद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अमानत राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. वैद्य पंजीयन आयकर चुकता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा को होगा।
4. निर्माण कार्य के देयकों से नियमानुसार रायल्टी वाणिज्यकर, आयकर की कटौती की जावेगी।
5. नगरपालिक अधिनियम के अनुसार इकरारनामा की समस्त शर्तों के अनुरूप कार्य करना अनिवार्य होगा।
6. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

आयुक्त
नगरपालिक निगम
छिंदवाड़ा



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**

E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 456/ खनिज / 2025 — दिनांक 10/6/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स आर.बी. ओवरसीज प्रायवेट लिमिटेड पता - यश टॉवर पाठक वार्ड कटनी जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 27.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है । प्रकाशन दिनांक दिनांक 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं । आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | पनागर | कटैया | 193,194,196, 197, 198,199, 200, 201, 202 | 3.960 | निजि भूमि | लेटराईट ओकर | |
| | | | कुल रकबा | 3.960 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आश्य से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

सहायक खनि अधिकारी
खनिज शाखा जिला - जबलपुर (म. प्र. )

जी-14293/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**कार्यालय अधीक्षक सबजेल सिहोरा जिला जबलपुर ( म.प्र.)**

क्रमांक /02/निर्वाह/ 2025 — सिहोरा, दिनांक 06.06.2025

तृतीय ई-निविदा वर्ष 2025 2026
जेल मुख्यालय (म.प्र.) भोपाल का पत्र क्रमांक 13407 / निर्वाह शाखा / 2025

भोपाल, दिनांक 05.06.2025 के पालन में सब जेल सिहोरा मे परिरुध्द बंदियों के उपयोग के लिये दवाईयां, डिस्पोजेबल एवं सर्जिकल सामग्री तथा पैथोलॉजी जांचे (खण्ड द ) के कय हेतु निविदा वर्ष 2025-2026 तृतीय वार्षिक ई-निविदा दिनॉक 07.07.2025 को शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 18.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक | जेल अधीक्षक कार्यालय सब जेल सिहोरा हेतु निविदा प्रस्तुत की जा रही है |
| ऑनलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की कीमत 05 लाख तक के फार्म हेतु रु.500/- प्रति फार्म तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा | 07.07.2025 को शाम 05:00 बजे तक | वेबसाईट http://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है |
| तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज परीक्षण | 08.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे से | वेबसाईट http://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 09.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे | वेबसाईट http://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेंट कर कय किया जा सकता है।

अधीक्षक सब जेल सिहोरा
जिला जबलपुर ( म.प्र.)

G-14278/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"




## नहीं हो पा रहा भू-स्वामित्व का फैसला

# केंट के सिविल एरिया का निकायों में विलय अटका

हरिभूमि जबलपुर।

**केंट बोर्डो का नगरीय निकायों में विलय की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। दरअसल भू-स्वामित्व का फैसला नहीं हो पाने पर मामला अटक गया है। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया के तहत सिविल एरिया में विलय किया जाना प्रस्तावित था न केवल जबलपुर बल्कि देश के सभी केंट बोर्ड में यह प्रक्रिया अपनाई जानी थी, जिसके तहत रिहायशी क्षेत्र को स्थानीय निकायों में शामिल किया जाना था।**



रक्षा संपदा महानिदेशालय का तर्क है कि बोर्ड के अंतर्गत आने वाला रिहायशी क्षेत्र ही राज्य सरकार या स्थानीय निकायों को दिया जाएगा, जबकि अन्य भूमि एवं भवन रक्षा मंत्रालय के पास ही रहेगी। यही वजह है कि फैसले के 2 वर्ष बाद हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एक बोर्ड का स्थानीय निकाय में विलय हो पाया है देश में कुल 62 कैंट बोर्ड है।

गौरतलह है कि केंट बोर्ड का संचालन एवं वित्तीय व्यवस्था रक्षा मंत्रालय के अधीन होती है, लेकिन सरकार ने सभी केंट बोर्डों के रिहायशी एरियों को स्थानीय निकायों में विलय करने का फैसला लिया था। उसी के तहत कैंट बोर्ड भंग कर दिए गए थे। इस समय जबलपुर को छोड़कर प्रत्येक कैंट बोर्ड में केंद्र सरकार ने एक-एक सदस्य को नामित किया हुआ है। जबकि पहले प्रत्येक बोर्ड में पार्षदों (मेंबर) के चुनाव होते थे।

### क्या है मुख्य वजह

सूत्रों के मुताबिक रक्षा संपदा महानिदेशालय का कहना है कि सरकार की मंशा कैंटोनमेंट बोर्ड से सैन्य एवं नागरिक क्षेत्र को अलग करना है। देश में करीब 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि है। जिसमें 62 कैंट बोर्ड के अंतर्गत 1.61 लाख एकड़ रिहायशी भूमि आती है। केंद्र सरकार के उक्त फैसले पर रक्षा संपदा महानिदेशालय के साथ-साथ कई राज्य सरकारों को भी आपत्ति है।

सबसे ज्यादा 13 कैंट बोर्ड उत्तर प्रदेश उसके बाद 9 बोर्ड उत्तराखंड में है। वहीं पांच कैंट बोर्ड मध्यप्रदेश में आते हैं। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकारों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्थानीय निकाय जैसे नगर पालिका, नगर निगम आदि पहले से ही आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। कैंट बोर्ड का नागरिक क्षेत्र लेने पर अतिरिक्त बोझ आएगा।

यदि बोर्ड गैर उपयोगी रक्षा भूमि को भी राज्य सरकारों को हस्तांतरित कर दे तो वहां के स्थानीय निकाय उन जमीनों का व्यावसायिक उपयोग करके राजस्व के अतिरिक्त संसाधन जुटा सकेंगे। राज्य सरकारों के इस प्रस्ताव पर रक्षा संपदा महानिदेशालय राजी नहीं है।

इधर दूसरी ओर, शिकायत बोर्डों के भंग होने के बाद नागरिकों का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है। केंद्र ने प्रत्येक बोर्ड में एक सदस्य नामित तो किया है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है। जबलपुर कैंट बोर्ड में तो नामित सदस्य नहीं हैं। फिर ऐसे में जनता की सुनवाई का सवाल ही कहां उठता हैं।



## नम हवाओं से बढ़ी उमस, राहत की बूंदों का इंतजार

# उमस और धूप ने सारे दिन बहाया लोगों का पसीना

हरिभूमि जबलपुर।

पारा लगातार 40 से 41 डिग्री पर बना हुआ है। दिन भर उमस व धूप पसीना बहा रही है। बीच बीच में बादलों की बसाहट से उमस बढ़ जाती है। नम हवाओं के कारण उमस बढ़ गई जिससे लोगों को बेचैनी हुई। यद्यपि पिछले कुछ दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। गर्मी ने पूरे वातावरण को बेचैन कर रखा था। दिन के साथ-साथ रात के तापमान ने भी उछाल बरकरार रखी है। इसलिए भीषण गर्मी से न दिन में चैन है, न रात में सुकून है। कल तेज धूप के बीच लू-लपट चलती रही। 6 किलोमीटर की रफ्तार से चली गर्म लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित किया। बिना टोपी, गमछा, चश्मा के निकल पाना संभव नहीं। दिन में जहां गर्म लू के थपेड़ों ने बदन चहकाया तो रात में गर्म हवाओं ने पंखे और कूलर, पंखों को बेदम कर दिया।

### कल से चल सकती है तेज हवाएं

अब लोगों को मानसून से राहत की बूंदों का बेसब्री से इंतजार है। समुद्री तट से आ रही नमी ने उमस बढ़ा दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती और तेज हवाएं चल सकती हैं। बहरहाल अभी तक दिन में चलने वाली गर्म लू लपट के कारण सड़कें सूनसान हो जाती हैं। जरूरी काम से ही लोग निकल पाते हैं। वहीं रात में गर्म हवायें कूलर और पंखों की भी दम निकाल लेती हैं, जिससे लोग देर रात तक सड़कों या घरों की छतों पर चहलकदमी करते देखे जा सकते हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.08 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 28.08 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.01 और न्यूनतम तापमान 28.02 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातःकाल 51 प्रतिशत, सायंकाल 32 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 बजे और सूर्यास्त शाम 6.57 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 45.8 डिग्री तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

### 17 जून से भारी वर्षा की संभावना

स्थानीय मौसम केंद्र के अनुसार मानसून धीरे धीरे आगे बढ़ रहा है। 17 जून से 18 जून के बीच भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस दौरान 2 से 3 इंच वर्षा हो सकती है जिससे नमी बढेगी। इसके बाद 20 से 26 जून के बीच बारिश के आसार बनेंगे।

## सीएमएचओ ने जारी किए आदेश

# अब हर गर्भवती को करानी होगी सिकलसेल, थैलेसिमिया की जांच

हरिभूमि जबलपुर।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के द्वारा एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने शासन के निर्देश का हवाला देते हुए बताया गया है कि प्रत्येक गर्भवती महिला की सिकलसेल, एनीमिया एवं थैलेसिमिया की स्क्रीनिंग कराना आवश्यक है। जिससे संतान में इस रोग का स्थानातंरण रोका जा सकें, यानि कि इस बीमारी का संतान आने के पहले जांच होने से पता चल सके, जिससे सिकलसेल, एनीमिया एवं थैलेसिमिया जैसी बीमारियों को जा सके।

इसके लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के द्वारा अध्यक्ष आब्सट्रेटिक्स एंव गायनेकोलॉजी सोसायटी जबलपुर एवं अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ गायनेकोलॉजी सोयायटी ऑफ इंडिया जबलपुर को आदेश का पत्र जारी कर कहा गया है कि आपके एसोसिऐशन से संबंधित प्रत्येक स्त्री रोग विशेषज्ञ / चिकित्सक को इस हेतु सूचित कराए एवं उक्त रोगों से ग्रासित महिलाओं की उचित परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करायें, ताकि सिकलसेल, एनीमिया एवं थैलेसिमिया जैसी बीमारियों को रोका जा सके।

### थैलेसीमिया जनजागरण समिति लगातार कर रही मांग

गौरतलब है कि थैलेसीमिया जनजागरण समिति जबलपुर मध्यप्रदेश के प्रयास से थैलेसीमिया एवं सिकलसेल जैसी बीमारी को रोकने हेतु अनेक बार एनएचएम भोपाल एवं जबलपुर स्वास्थ्य विभाग को ज्ञापन देकर एचबीए2 की जांच को अनिवार्य करने की मांग लगातार की जा रही है। जिसके फलस्वरूप एनएचएम एवं संकल्प इंडिया फाउंडेशन के द्वारा इस जांच को अनिवार्य करने 2023 में निर्देश दिए गए, जिसका पालन न होने पर दोबारा 2024 में पुनः इन निर्देशों को जारी किया गया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भी इन निर्देशों को गायनिक सोसायटी तक पहुंचाया गया। सभी गायनिक डॉक्टर इस टेस्ट को अनिवार्य रूप से लिखे, इस संबंध के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे सिकलसेल, एनीमिया एवं थैलेसिमिया जैसी बीमारियों को बीमारियों को रोका जा सके।

## राजस्थान से आया था परिवार

# डंपर की टक्कर से मासूम की मौत, आठ लोग घायल

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत उमरिया पिपरिया रोड पर एक सामने से आ रहे एक डंपर ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, इस हादसे में एक 8 साल के बच्चे कार्तिक की मौत हो गई जबकि 8 लोग घायल हो गए। बताया गया है कि राजस्थान से अपने नाना-नानी के घर आए बच्चों सहित उनके परिजन गौरीघाट में नर्मदा दर्शन करने के बाद बड़ा पत्थर रांझी अपने भतीजा दमाद के घर गए और वहां से ई-रिक्शा से वापस खमरिया लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे डम्पर चालक ने रिक्शा में टक्कर मार दी। डम्पर की टक्कर लगते ही उसमें बैठे सभी यात्री सड़क पर गिर गए। घटना की सूचना मिलने पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा, जहां सभी की हालत गंभीर होने की वजह से मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। मेडिकल अस्तपाल में उपचार के दौरान 8 साल के मासूम कार्तिक की मौत हो गई। खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि घायल महिला ने पुलिस को बताया कि उनके परिजन और बच्चे अपने नाना-नानी के यहां घूमने के लिए राजस्थान से जबलपुर आए हुए थे। पूरा परिवार बच्चों को लेकर गौरीघाट नर्मदा दर्शन के लिए गया हुआ था, जहॉ से भतीजा दामाद पवन दाहिया के घर बड़ा पत्थर रांझी गये थे जहां से वापस अपने घर खमरिया के पिपरिया गांव आ रहे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक में लापरवाही से डंपर चलते हुए सामने से आ रही ई रिक्शा को टक्कर मार दी। घटना के बाद से डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

इस दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार पूरा परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल, अरुणा, रूबी, किरण, सपना, अनीशा, तनिष्क, लकी, ई-रिक्शा चालक रवि सहित अन्य का मेडिकल अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों का कहना है कि 2 घायलों की हालत फिलहाल बेहद चिंताजनक है। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## एसपी, कलेक्टर से मांगा जांच प्रतिवेदन

# टॉयलेट करने से रोकने पर युवक की हत्या के मामले में मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** बदमाशों को टॉयलेट करने से रोकने पर युवक पर चाकुओं से हमला करके उसकी हत्या करने की घटना पर राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग की मुख्यपीठ भोपाल के सदस्य सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से जांच प्रतिवेदन मांगा है।एक माह का समय दिया गया है।


मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर आयोग ने संज्ञान लिया है। प्रकाशित खबरों के अनुसार, बीते दिनों चंडाल भाटा निवासी 25 वर्षीय एक युवक शराब दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान पांच बदमाश युवक वहां शराब पी रहे थे। जिसमें से एक बदमाश वहां टॉयलेट करने लगा। पीडित युवक ने जब उसे थोड़ा आगे जाने को कहा तो बदमाश उस पर भड़क गया। उसके साथ मारपीट कर गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर उसके अन्य चार साथी भी वहां आ गये और चाकुओं से पीडित युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित युवक की मृत्यु हो गई थी।

### लीगल प्रोफेशनल्स एसोसिएशन की राज्य स्तरीय कार्यशाला उज्जैन में

**जबलपुर।** इंडियन लीगल प्रोफेशनल्स एसोसिएशन की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 15 जून को उज्जैन में होगा। कार्यशाला सुबह 10 बजे शुरू होगी। पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवी सिंह, पूर्व न्यायाधीश आरके श्रीवास के अलावा जबलपुर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, परमानंद साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# टैक्टर पलटने से 6 साल के मासूम की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम देवहरा में घर के पास रोड में खेल रहे एक 6 साल के मासूम पर एक ट्रेक्टर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से मासूम बालक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवहरा निवासी 6 वर्षीय समीर धुर्वे गत सुबह लगभग 9 बजे फूल सिंह यादव के घर के पास रोड में खेल रहा था उसी समय ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जेडडी 7462 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए ट्रेक्टर पलटा दिया, जिससे वह ट्रेक्टर के नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

▶ तंग बस्तियों में संक्रामक रोगों का हमला

# दस्त पीड़ित व्यक्ति की मौत, दर्जनों मरीज करा रहे इलाज

हरिभूमि जबलपुर।

भीषण गर्मी के दौर में फैली गंदगी दूषित पेय जल और दूषित खाद्य सामग्री के सेवन से संक्रामक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। शहर के घनी मुस्लिम आबादी पसियाना में पसियाना, सिद्धबाबा, मदार टेकरी आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कै-दस्त और डिहाईड्रेशन के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। शासकीय अस्पतालों में ही प्रतिदिन दर्जनों मरीजों की आमद हो रही है जबकि निजी अस्पतालों में इससे अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। शहर की बस्तियां हैजे की चपेट में हैं। कल गोहलपुर नई बस्ती निवासी कै-दस्त पीड़ित एक 50 वर्षीय व्यक्ति की विक्टोरिया अस्पताल में मौत हो गई। हालांकि डॉक्टर इसे संदिग्ध मौत मान रहे और पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक मामलें का खुलासा होगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कल फिर सिद्ध बाबा, पसियाना से एक दर्जन से अधिक मरीज हैजे से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंचे। जहां उनका उपचार जारी है। इसी तरह मंडी मदार टेकरी, गढ़ा, गंगा नगर, कादरी मोहल्ला से कै-दस्त पीड़ित मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण उल्टी-दस्त के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। धूप व उमस से पीड़ित ज्यादातर लोग डिहाईड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को स्वच्छ पेयजल हल्का भोजन का सेवन करना चाहिए। कच्ची प्याज और दही भी डिहाईड्रेशन से बचाती है। गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि खुली खाद्य सामग्री और ज्यादा तेल घी वाले व्यंजनों तथा फास्ट फूड से परहेज किया जाए। तंग बस्तियों में गंदगी की वजह से मक्खी-मच्छरों के कारण बैक्टीरिया हमला कर रहे हैं।

### कै-दस्त पीड़ित की मौत

इधर गोहलपुर थाना अतंर्गत बस्ती नंबर 1 गोहलपुर में उल्टी दस्त होने से उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की उपचार दौरान मौत होने का समाचार मिला है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्ती नंबर 1 गोहलपुर निवासी 50 वर्षीय मुल्लू साहू को गत 10 जून की रात लगभग 10 बजे उल्टी दस्त होने पर उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 8.30 बजे मुल्लू साहू की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।



▶ कांग्रेस का लोकार्पण प्रदर्शन आज
▶ फ्लाईओव्हर पर आज आमने-सामने की तैयारी

# जनता का फ्लाईओवर जनता करेगी लोकार्पण

**जबलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी आज जनता का फ्लाईओवर जनता करेगी लोकार्पण! के नारे के साथ दशमेश द्वार के ऊपर स्थित मदन महल - दमोहनाका फ्लाईओवर पर शाम 4 बजे लोकार्पण कार्यक्रम करेगी. कांग्रेसजन इसके लिये आदि शंकराचार्य चौराहा (छोटी लाईन) पर एकत्रित होंगे और दशमेश द्वार पहुंचेंगे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा, जब सरकारें जनता की आवाज को नजरअंदाज करती हैं, तब जनता को ही नेतृत्व करना होता है। गौरतलब है की मदन महल दमोहनाका फ्लाईओवर का बड़ा हिस्सा बनकर तैयार है. वहीं कुछ हिस्से में काम जारी है. कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा का कहना है की सांसद और मंत्री के बीच चल रही श्रेय की राजनीति के चक्कर में फ्लाईओवहर लोकार्पण अटका हुआ है. जिससे शहर के जनता परेशान हो रही है। श्री शर्मा का कहना है की दमोहनाका–मदन महल फ्लाईओवर, जो बीते चार महीनों से पूरी तरह बनकर तैयार है, अब तक भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान और श्रेय की राजनीति के कारण जनता के उपयोग में नहीं आ पाया है। जनता के धैर्य और अधिकार की इसी भावना को सम्मान देते हुए, शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा एक विशेष जनलोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### दमोहनाका चौराहे से इलेक्ट्रिक आटो चोरी

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत दमोहनाका चौक के पास गत रात खड़ा एक इलेक्ट्रिक आटो अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर नगर करमेता निवासी 50 वर्षीय जवाहर लाल रजक ने अपना इलेक्ट्रिक आटो क्रमांक एमपी 20 जेड के 7867 को दमोहनाका निवासी ड्रायवर सुधीर चौधरी को किराए पर चलाने दिया था। गत रात लगभग 8 बजे दमोहनाका चौक के पास आटो खड़ी कर सुधीर चौधरी खाना खाने चला गया, वापस आकर देखा तो आटो नहीं था जिसे अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गए।

## जबलपुर के विकास खंडेलवाल मुंबई में कल्याण स्टेशन में दुर्घटना का शिकार

**जबलपुर।** जबलपुर निवासी रक्तदान करने वालें रक्तवीर के नाम से पहचाने जाने वाले विकास खंडेलवाल मुंबई में एक ट्रेन दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दौरान उन्हें दो फ्रेक्चर आए और सर्जरी हुई। घटना के वक्त उनके साथ उनकी बेटी नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुमारी श्रेया खंडेलवाल भी मौजूद थी जो इस दुर्घटना को देखकर काफी घबरा गई थी। श्रेया ने बताया कि उनके पापा चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की जगह से तेजी से नीचे गिर गए। ट्रेन की पटरी से कुछ ही दूरी पर एक लोहे की छोटी रॉड उनके हाथ में आ गई और वे पटरी तक गिरने से बच गए। ट्रेन उनके ऊपर से निकल गई। वे नीचे मजबूत हिम्मत के साथ लेटे रहे। उनको प्लेटफॉर्म पर लाया गया। वहां कल्याण स्टेशन पर बस में ही उनके साथ थी, बहुत घबराई हुई। उस स्थिति में भी उन्होंने मुझे देखकर कहा कि चिंता नहीं करना, मैं बिल्कुल ठीक हूँ। उन्हें दो फ्रेक्चर हैं और एक सर्जरी हुई है। साथ ही कुछ और चोटें भी हैं। अभी वे मुंबई में अस्पताल में भर्ती हैं। रिकवरी ठीक है। वे शीर्ष रक्तदाता हैं। इस स्थिति में भी मुस्कारकर कह रहे हैं कि अभी तक सिर्फ 102 रक्तदान ही किया है। पूर्ण स्वस्थ होकर इस संख्या को और आगे बढ़ाना है।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट का निर्देश

# सीओडी कर्मी व पूर्व मंत्री के कथित भांजे को गिरफ्तार कर पेश करो

हरिभूमि जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी जगमोहन सिंह की अदालत ने नौकरी दिलाने के बहाने नौ लाख रुपये की राशि हड़प किए जाने के आरोप के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के रवैये को गंभीरता से लिया। इसी के साथ आरोपित सीओडी कर्मी पीएल चौधरी व पूर्व मंत्री के कथित भांजे रीतेश गुप्ता के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश देते हुए दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त को अगली सुनवाई दौरान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह परिवाद समता कालोनी, जबलपुर निवासी 506 आर्मी वर्कशाप से रिटायर्ड कर्मी रामभरोसे चौकसे की ओर से दायर किया गया है। अदालत को अवगत कराया गया कि परिवादी और अनावेदक पीएल चौधरी एक दूसरे के परिचित थे। पीएल चौधरी ने त्रिपाठी के बेटे की रेलवे में नौकरी लगवाने की बात कहते हुए परिवादी को अपने झांसे में लिया और उनसे चार लाख में उनके बेटे दीपक चौकसे की नौकरी लगवाने की बात की। इसके बाद कोर्ट से स्टे होने का झांसा देकर भेल में नौकरी लगवाने की बात कहते हुए 10 लाख में सौदा तय किया। इसके लिये उन्होंने एसोर ग्रुप के मालिक रीतेश गुप्ता से मिलवाया, जो कि खुद को तत्कालीन राजस्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का भांजा होना बता रहा था। परिवादी आरोपितों के झांसे में आ गया और उसने नौ लाख रुपये अदा कर दिए। गारंटी के तौर पर अनावेदक पीएल चौधरी ने साढ़े तीन लाख रुपये का चैक भी परिवादी को दिया। इसके बाद अनावेदकों ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर सहित अन्य दस्तावेज परिवादी को थमा दिए। जालसाजी का शिकार होने की जानकारी लगने पर जब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने पहले से ही मामला दर्ज होने का हवाला देकर इतिश्री कर ली, जिस पर यह परिवाद दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने अनावेदक पीएल चौधरी व रीतेश गुप्ता के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश देते हुए दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।



उपभोक्ता मंच को महापौर ने दी जानकारी, होगी कार्रवाई

# अवैध यूनीपोल, होर्डिंग्स की रिपोर्ट प्रस्तुत

**जबलपुर।** अवैध यूनीपोल एवं होर्डिंग्स की रिपोर्ट जांच समिति ने प्रस्तुत कर दी है। चूंकि अध्यक्ष अपर आयुक्त का स्थानांतरण हो गया है, इस कारण रिपोर्ट पर उनके हस्ताक्षर नहीं हो पाए, बाकी सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर रिपोर्ट प्रस्तुत की है तथा तदानुसार रेलवे स्टेशन और बिलहरी पुल के पास के अवैध यूनीपोल तथा होर्डिंग्स के बावत कार्रवाई शुरु हो गई है। यह जानकारी जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने शुक्रवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, महिला समिति, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों को चर्चा के दौरान दी है। महापौर ने बताया कि कुल 17 यूनीपोल गलत पाए गए, जिनमें ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक-09, हटाए जाना-03, साईज कम वालें-01, तथा सड़क मार्ग से दूर शिफ्ट होने वालें-04 होंगे। उन्होंने बताया कि अवैध होर्डिंग्स-33 पाए गए, जो शहर के मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो के निजी भूमि में स्थापित होर्डिंग, विज्ञापन फलक, जो कि प्लॉट एवं वॉलल रेप के माध्यम से स्थापित है। उन्हें अतिक्रमण शाखा के साथ संयुक्त कार्रवाई कर हटवाया जाएगा।

### महापौर को साधुवाद

चर्चा में उपस्थित डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, यशवंत कोष्टा, मोहन श्रीवास्तव, ब्रजेश साहू तथा राममिलन शर्मा ने अवैध यूनीपोल तथा होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई शुरु करने के लिए महापौर को साधुवाद दिया तथा नागरिकों से अपील की है कि सूचना के अधिकार के तहत वे किसी भी स्थल के खतरनाक यूनीपोल तथा होर्डिंग्स के बावत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# करोड़ों की साइबर ठगी के आरोपी को जमानत नहीं

दूसरे खातों में कर देता था राशि ट्रांसफर

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने करोड़ों की साइबर ठगी के आरोपी भोपाल निवासी नितिश शुक्ला की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। उस पर आरोप लगा है कि वह अपने साथियों के साथ मिलीभगत कर राशि एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर देता था। कोर्ट ने साफ किया कि प्रकरण में आरोपी की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती। आवेदक राजधानी भोपाल के बागसेवनिया क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले नितिश शुक्ला के विरुद्ध कोलार रोड थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। उसे 21 दिसंबर 2024 को हिरासत में लिया गया था। प्रकरण के अनुसार बैंक आफ महाराष्ट्र की ओर से कोलार थाना पुलिस को बैंक खाते से हो रहे ट्रांजेक्शन की शिकायत की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि फर्जी बैंक अकाउंट खोलकर उसमें करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया है। जांच में यह भी पता चला कि साइबर जैसे संगठित अपराध के लिए बैंक में खाते खोलकर उसका उपयोग साइबर ठगी से हड़पी गई राशि को प्राप्त करने किया गया है। जांच दौरान पाया गया कि आरोपी नितिश शुक्ला के खाते से भी ट्रांजेक्शन हुआ है। उसके पास से एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, एटीएम पिन, सिम कार्ड, कार्ड स्वाइप मशीन और मोबाइल जब्त किए गए।

आदिवासियों की जमीन हड़पने के बाद फरार दंपति आरोपी, आगामी सप्ताह में जाएगा जेल, सैटिंग को लेकर भिड़ाई जा रही जुगत

# भूमाफिया पत्रकार गंगा पाठक कर सकता है सरेंडर!

हरिभूमि, जबलपुर।

भूमाफिया और पत्रकार गंगा पाठक कानूनी कार्यवाही का शिकंजा कसने के साथ ही फड़फड़ाने लगा है। पुलिस की घेराबंदी के आगे आरोपी पाठक और उसकी पत्नी ममता पाठक ने घुटने टेकने की तैयारी कर ली है। हाईकोर्ट की अग्रिम याचिका खारिज होने के बाद आरोपी पाठक और उसकी पत्नी सरेंडर करने की तैयारी कर रहे है। सूत्रों के अनुसार तीन माह से फरार गंगा पाठक 17 जून को सरेंडर कर सकता है। उसके पहले ही पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने की जुगत में भी है। दअरसल, आरोपी की संपत्ति कुर्क किए जाने और उसके बैंक खातों पर प्रतिबंध के पुलिस के आवेदन से उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। हर मोर्चे पर बढ़ती घेराबंदी से भूमिफिया पाठक के पास सरेंडर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जिससे अब वह साठगांठ कर सरेंडर करने का सुरक्षित माध्यम तलाश रहा है।



### खाएगा जेल की हवा

हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद गंगा पाठक का जेल की हवा खाना तय है। उस पर धोखाधड़ी सहित एससी-एसटी एक्ट का आपराधिक प्रकरण है। तीन माह से फरार गंगा और उसकी पत्नी के पकड़े नहीं जाने पर पुलिस की ओर से लगातार कार्यवाही की जा रही है। दंपती की संपत्ति की कुंडली तैयार करने और उसके आर्थिक स्त्रोत पर पुलिस की चोट के बाद गंगा के घुटने टेकने की स्थिति बन गई है। इसलिए वह सरेंडर के रास्ते ढूंढ रहा है।

### यह था मामला

गौर तलब है कि जिले में जाली दस्तावेजों से आदिवासियों की कई एकड़ जमीन हड़पने का पाठक को मास्टरमाइंड माना जा रहा है। जिला प्रशासन की जांच में आरोपी का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया था। उसके बाद तिलवारा और बरगी थाना क्षेत्र में प्रशासन की ओर से 12 मार्च को एफआइआर दर्ज की थी। मामले में पाठक, उसकी पत्नी ममता पाठक सहित 10 को आरोपी बनाया गया है। एफआइआर दर्ज होने के बाद से गंगा अपनी पत्नी को लेकर फरार है। पुलिस ने गंगा के कुछ गुर्गो को गिरफ्तार किया था। उन्होंने पूछताछ में उसके फर्जीवाड़े को लेकर कई जानकारियां दी है। पुलिस ने पाठक और उसकी पत्नी की तलाश में भी कई जगह छापे मारे थे। लेकिन शातिर गंगा पकड़ में नहीं आया। अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद उसकी समस्या बढ़ गई है।

### छोटा हाथी की टक्कर से एक्सिस सवार भाई बहन घायल

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत खम्परिया खितौला राम मंदिर के पास एक लोडिंग छोटा हाथी वाहन ने एक एक्सिस में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें सवार दोनों भाई बहन नीचे गिरकर घायल हो गए। वहीं छोटा हाथी वाहन का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रद्दीचौकी गाजीनगर गोहलपुर निवासी 38 वर्षीय नजीर उर्फ गुड्डू खान गत दिवस अपनी बाईक से अपने बहनोई सहीद खान के साथ और एक्सिस स्कूटी से चचेरा भाई इमरान एवं बहन रिजवाना बानो सिलौंडी जा रहे थे। आगे इमरान एवं बहन रिजवाना बानो अपनी एक्सिस से जा रहे थे जैसे ही रात लगभग 10 बजे खम्परिया खितोला राम मंदिर के पास पहुँचे तभी लोडिंग छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 9640 के चालक ने इमरान व रिजवाना बानो की एक्सिस में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों एक्सिस वाहन सहित गिर गये और दोनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं हैं।

अदालत ने 45 हजार डालर की ठगी के आरोपितों के विरुद्ध जारी किए समन

# जबलपुर की कंपनी पर कनाडा की कंपनी को ठगने का आरोप

हरिभूमि जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी देवश सिंह की अदालत ने कनाडा की कंपनी से 45 हजार डालर की ठगी के मामले में आरोपित जबलपुर की कंपनी एमजी वेल्स साल्यूशन के डायरेक्टर रविन्द्र सिंह वावा और सेल्स मैनेजर ईडी मूर्ति के विरुद्ध समन किए हैं। दोनों को आगामी सुनवाई तिथि 30 जुलाई को हाजिर करने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस प्रकरण को रेगुलर क्रिमिनल ट्रायल में दर्ज कर सुनवाई की व्यवस्था दे दी है। परिवादी मुराद मानसी फाहिम, जो कि कनाडा में पंजीकृत क्रिस्टल माइंड कंपनी के प्रोपराइटर हैं, ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जबलपुर स्थित कंपनी एमजी वेल्स साल्यूशन से आयल फील्ड के लिए स्पेयर पार्ट्स की सप्लाई हेतु 10 हजार डालर का करार किया था। शुरुआत में उन्होंने 45 हजार अमेरिकी डालर कंपनी को भुगतान भी कर दिया, लेकिन न तो स्पेयर पार्ट्स की सप्लाई की गई और न ही रकम लौटाई गई। यह



बेहद चौंकाने वाला कार्पोरेट फ्राड है, जिसमें एक विदेशी कंपनी से हजारों डालर की ठगी फर्जी इनवायस जारी करके कर ली गई है।

### 18,500 डालर भी हड़पे

परिवादी का आरोप है कि उसने एमजी वेल्स कंपनी को जिंदल ड्रिलिंग को इंजीनियरिंग सेवाएं देने के लिए 18,500 डालर अलग से दिए थे। लेकिन यहां भी न कोई सेवा दी गई और न ही रकम वापस की गई। कंपनी के सेल्स मैनेजर ईडी मूर्ति ने क्रिस्टल माइंड कंपनी की आधिकारिक मुहर और नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए 17 अप्रैल, 2015 को फर्जी इनवायस बनाकर जिंदल ड्रिलिंग कंपनी को भेजा। यह इनवायस स्वयं उनके हस्ताक्षर से जारी किया गया था जबकि उन्हें ऐसा करने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था।

### पुलिस जांच नहीं, सीधे कोर्ट में चलेगा ट्रायल

चूंकि यह परिवाद 17 मई, 2022 को दायर किया गया था। इस तरह भारतीय न्याय संहिता की नई धारा लागू होने से पहले का है, इसलिए अदालत ने पुरानी दंड प्रक्रिया संहिता के प्रविधानों के अनुसार ही आगे बढ़ाया। साथ ही, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपितों को समन के पहले सुनवाई का अवसर कानून में आवश्यक नहीं है। कोर्ट ने यह माना कि आरोपित जबलपुर में ही रहते हैं और फरार होने की कोई आशंका नहीं है। इसलिए पहले चरण में समन द्वारा बुलाना पर्याप्त होगा। यदि समन की तामील होती है, तो दोनों आरोपितों की 30 जुलाई, 2025 को कोर्ट में उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### ई-रिक्शा में बैठी युवती का मोबाईल छीनकर भागा युवक

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत मालगुजार परिसर के आगे बाईक सवार एक अज्ञात आरोपी ने ई रिक्शा में बैठी एक युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाई मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय कॉलेज छात्रा प्रिया राय गत दोपहर लगभग 12.20 बजे से अमखेरा होते हुए ई रिक्शा से अपने घर वापस आ रही थी। उसके हाथ में उसका मोबाइल था, जैसे ही मालगुजार परिसर के आगे पहुंची तभी गोहलपुर तरफ से एक बिना नंबर की बाईक में सवार एक आरोपी उसके ई रिक्शा के बगल में आया और हाथ में रखा उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल झपट्टा मारकर लूट कर ले गया। अज्ञात व्यक्ति ने टीशर्ट एवं हाफ पेंट पहना था।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय चिंतन बैठक में माहेश्वरी समाज के प्रदेश मंत्री श्याम सुंदर जेठा आमंत्रित

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की संभाजी नगर (महाराष्ट्र) में आयोजित 14 एवं 15 जून को आयोजित चिंतन बैठक में पूर्वी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में श्री श्याम सुंदर जेठा (प्रदेश मंत्री) सम्मलित होगें। पूरे देश में चल रही माहेश्वरी समाज की फ्लैगशिप योजनाओं के विषय में विस्तृत चर्चा होगी।

### सर्वमंगला समिति का आयोजन 15 जून रविवार को

**जबलपुर।** महिलाओं की संख्या सर्व मंगला द्वारा 15 जून रविवार को कचनार क्लब में दोपहर 2 बजे से आनंद मेला अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती पर स्त्री अशी घडते गाथा का आयोजन एवं 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है।

## रोज हो रहीं सड़क दुघर्टनाऐं, लग रहा जाम

# लोगों के लिए परेशानी का सबब बना डिवाइडर रोड का आधा अधूरा सीसी निर्माण कार्य





**सिहोरा।** शहर के सौंदरीकरण और सड़क चौड़ीकरण को लेकर शुरू हुआ काम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। सड़क निर्माण के लिए खुदाई करने के बाद ठेकेदार दो-दो महीने तक काम नहीं कर रहे। ऐसे में आधे अधूरे निर्माण और बचे हुए हिस्से में गिरकर दो पहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं अनेक लोगों के तो हाथ पैर में गंभीर चोटें तक आ गई है पर इन सब घटनाओं से न तो नगर पालिका और न ही संबंधित ठेकेदार को कोई फर्क पड़ रहा है। निर्माण की गति भी ऐसी है कि करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण 4 महीने में पूरा नहीं हो पाया। इसी तरह नये बस स्टेंड बायपास से मझौली बायपास तक सड़क और नाला निर्माण के नाम पर बगल में खुदाई तो कर दी गई पर कार्य शुरु नहीं हुआ।

### रास्ते में वाहनों की कर रहे रिपेयरिंग

बस स्टेंड से खितौला तिराहा और उससे आगे तक की स्थिति सबसे बेकार है। एक तो आधे अधुरे निमार्ण कार्य से वाहन निकलने की जगह नहीं बची है और जो जगह यातायात के लिए है वहां लोग ट्रेक्टर,बस सहित अनेक दुपहिया वाहन खड़े कर रास्ते में ही रिपेयरिंग का कार्य कर रहे हैं साथ ही वाहनों की पार्किंग भी कर रहे हैं जिससे आम लोगों को वाहन निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस तरफ न तो प्रशासन का ध्यान है और न ही नगर पालिका का सब के सब बस बैठकर तमाशा देख रहे हैं और आम आदमी परेशान हो रहा है।

### ढाई साल पहले शुरू हुआ काम अभी तक अधूरा

करीब ढाई वर्ष पूर्व मझौली बाईपास से खितौला तिराहे के आगे तक सड़क चौड़ीकरण और सेंट्रल लाइटिंग का काम लगभग 5 करोड़ 66 लाख की राशि से स्वीकृत हुआ था। लेकिन ढाई वर्ष में सड़क निर्माण का काम पूरा नहीं हो सका। ठेकेदारों ने मनमानी से काम करते हुए बीच-बीच में सड़क का निर्माण किया और बाकी हिस्से को खोद कर छोड़ दिया। इसी तरह विधायक कार्यालय से बाबाताल तक वर्तमान में हो रहे सड़क निर्माण की गति भी धीमी है जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। तथा संचार कम्पनी और नर्मदा जल के कर्मचारी भी सड़क निर्माण में बाधक बन रहे अपने वायर और पाइपों को हफ्तों बाद भी सुधार नहीं पाये।जिससे भी कार्य में देरी हो रही है। इसी तरह खितौला तिराहे पर भी निमार्ण कार्य धीमा चल रहा है। जिससे भी लोगों को यातायात में दिक्कत हो रही है।बाबाताल से बस स्टेंड के बीच सबसे अधिक दुर्घटना घट रही है जिससे अनेक वाहन चालक इस हिस्से में गिरकर घायल हो गये और उनके हाथ पैर तक टूट गये हैं। सड़क निर्माण के लिए तोड़ी गई घरों और कालोनियों में जाने पट्टीयों सड़कों का निर्माण भी अभी तक नहीं होने से उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

ठेकेदार ने जहां भी खुदाई का का काम किया है उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के साथ ही सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।।

**शैलेंद्र कुमार ओझा,**
**मुख्य नगर पालिका**
**अधिकारी सिहोरा**

## आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन से उठे नागरिक

# चंडालभाटा शराब दुकान दूसरी जगह शिफ्ट होगी

**जबलपुर।** जबलपुर। चौधरी बस्ती चंडाल भाटा में युवक की हत्या के बाद धरना प्रदर्शन में बैठे कांग्रेस जनों को 36 घंटे बाद आश्वासन मिला कि यहां से शराब दुकान को हटा दिया जाएगा, उसके बाद कांग्रेसियों ने अपना धरना समाप्त किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों शराब दुकान के पास सागर चौधरी की पांच लोगों ने चाकू से निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्रीय जनता ने पूर्व पार्षद जितिन राज के नेतृत्व में करीब 36 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चंडालभाटा से शराब दुकान से हटाई जाए, यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है पास में ही स्कूल है और महिलाओं का आना जाना दुश्वार हो जाता है। लिहाजा शराब दुकान को यहां से तत्काल हटाया जाए।

धरना स्थल पर पहुंचे शराब ठेकेदार ने लिखित आश्वासन दिया है कि आगामी 15 दिनों के भीतर दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा, साथ ही यह भी कहा गया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस गश्त नियमित रूप से कराई जाएगी। बस्ती की तरफ सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट्स भी आज ही लगवाई जाएंगी। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। धरने में पिंटू चौधरी, प्रवीण चौधरी, राजा रैकवार, सोनू कुकरेल, सौरभ चौधरी, प्रशांत कुकरेला, सावन चौधरी सहित क्षेत्र की महिलाओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

# निवाड़गंज सब्जी मंडी की हर गली में अतिक्रमण

**आधी सड़क तक लगती है दुकानें, खरीददार परेशान**

**जबलपुर।** शहर की सब्जी मंडियों के हाल बुरे हैं। चाहे निवाड़गंज सब्जी मंडी हो, चाहे अधारताल सब्जीमंडी हो, गोहलपुर सब्जीमंडी, गोरखपुर सब्जीमंडी हो, सब जगह बुरे हाल है। कछपुरा फाटक के पास सड़क पर ही सब्जी मंडी लग रही हैं। सबसे बुरे हाल तो निवाड़गंज सब्जी मंडी के हैं। जिस मोड़ से प्रवेश करो उस मोड़ पर ही सड़कों पर दुकान सजी है। ऐसे में न केवल सब्जी खरीददारी करने वालों को जाने में परेशानी होती हैं बल्कि मंडी पर आवार पशुओं के विचरण करने से दुर्घटना भी हो जाती है। यहां दुकानदारों को चबूतरे अलॉट है लेकिन पूरी मंडी में दोनों तरफ 5-5 फुट का कब्जा व्यापारी कर रखे है। ग्राहकों को बीच रोड में अपने वाहन खड़े करना पड़ता है। शंकर घी भंडार से मंडी के कमानिया गेट तक चना, मूंगफली, वालें आदि सड़क तक दुकान लगाए हुए है दूसरी तरफ गल्लामंडी से सामने वाली लाईन में जिस गली में प्रवेश करो उस गली में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। मजे की बात यह है कि नगर निगम का जोन कार्यालय 4 कदम की दूरी पर है। जोन कार्यालय के कर्मचारी यहां खरीददारी के लिए जाते है पर उन्हें समस्या नहीं दिखती, मुफ्त की सब्जी भाजी लेकर जनता को उसके हाल पर छोड़ देते हैं। न व्यापारी सुधर रहे है न ही व्यवस्था सुधर रही है। लटकारी पड़ाव सब्जी मंडी के और बुरे हाल है। चारों तरफ अराजकता फैली हुई है। आवार पशु मल्ल युद्ध करते देखे जाते है। सड़कों पर लगी सब्जी भाजी की टोकरी के पास पहुंचते ही उन्हें लाठी से हकेला जाता है तो वे किसी न किसी वाहन सवार पर हमला कर देते है जिससे दुर्घटनाएं होती है। इसके बावजूद जिम्मेदार लोग हाथ पर हाथ धरकर बैठे है।

## ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश, मेडिक्लेम पॉलिसी के दावे का नही किया था भुगतान

# उपचार में खर्च राशि ब्याज सहित चुकाए इंश्योरेंस कम्पनी

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने दि ओरिएन्टल इंश्योरेंस कंपनी को 7 फीसदी ब्याज के साथ उपचार में की गई खर्च की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की कोर्ट ने कंपनी को निर्देश दिए कि वह परिवादी को हुए मानसिक कष्ट व वाद व्यय के लिए 7 हजार रुपए की राशि भी अदा करें। धनवंतरी नगर निवासी अजीत कुमार मेहता ने बताया कि उन्होंने उक्त कंपनी से स्वयं व पत्नी के लिए मेडिक्लेम पॉलिसी ली थी। एक्यूट गेस्ट्रोइंटराइटिस की शिकायत पर परिवादी की पत्नी को जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के बिल 10 हजार 711 रुपए की राशि का दावा कंपनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कंपनी ने दावा निरस्त कर दिया, इसलिए आयोग में परिवाद दायर किया। आयोग ने इसे सेवा में कमी पाते हुए उक्त आदेश जारी किए।

# गुरुवार को झुंझुंरु नदी में डूबे रांझी सिद्धनगर के सुनील का शव मिला

**जबलपुर।** मानेगांव सिद्धनगर निवासी एक युवक का शव शुक्रवार को झुंझुंरु नदी में उतराता मिला। जिसकी शिनाख्त सुनील उर्फ सोनू दाहिया के रुप में हुई। बताया गया है कि सुनील अपने मित्रों के साथ गुरुवार को नहाने के लिए झुंझुंरु नदी गया था जहां नहाते समय वह पानी में डूब गया था। उसके बाद गोताखोरों से उसकी तलाश कराई जा रही थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को उसकी लाश पानी में उतराती मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# शांतम प्रज्ञा आश्रम में कबीर दास जन्मोत्सव मनाया गया



**जबलपुर।** सद्गुरु कबीर साहेब की जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में जन्मोत्सव का आयोजन 12 जून को किया गया, इस अवसर संत कबीर दास के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ आश्रम संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों को संत कबीर दास के महान जीवन के विषय में बताया गया। कबीर दास जी एक ऐसे कवि और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपने दोहों के माध्यम से समाज में चल रहे कई सारे आडंबरों, भेदभाव और पाखंड को समाप्त करने का प्रयास किया था। उनके उपदेश आज भी लोगों को मानवता, प्रेम और समानता का मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर सभी मरीजों ने संत कबीर दास के दोहे सुनाये साथ ही नशामुक्त रहने की प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम में मुकेश कुमार सेन, डॉ. आज़ाद कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कृषि अधिकारियों ने किया कटंगी के उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने आज शुक्रवार को पाटन अनुभाग के अंतर्गत कटंगी में आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं बीज एवं उर्वरक निरीक्षक पंकज श्रीवास्तव द्वारा किये गये निरीक्षण में कटंगी के एग्रो हब किसान की दुकान, श्री सुदामा फर्टिलाइजर्स, शिवा कृषि केन्द्र, विकास फर्टिलाइजर एवं अमन फर्टिलाइजर तथा बोरिया स्थित गौतम कृषि केंद्र से बीज एवं उर्वरक के नमूने लिये गये। साथ ही इन प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक, प्रिंसिपल सर्टिफिकेट, विक्रय लाइसेंस आदि की जांच भी की गई। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के संधारण में कमियां पाये जाने पर शिवा कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये। इसी प्रकार बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के बीज विक्रय करने पर एग्रो हब किसान की दुकान पर बीज की बिक्री प्रतिबन्धित कर नोटिस जारी किया गया तथा तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही प्रारंभ करने की चेतावनी दी गई है।

# बस्ती का माहौल खराब कर रहे असामाजिक तत्व

**जबलपुर।** त्रिमूर्ति नगर विकास सेवा मोहल्ला समिति रामपुर के अध्यक्ष राकेश बारी ने रामपुर चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि शिवनगर रीवा कालोनी रामपुर छापर निवासी तत्व असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होकर बस्ती का माहौल खराब कर रहा है, वहीं वर्षों से बिस्तर में बीमार पड़ी पत्नी का मल-मूत्र सड़क पर बहा रहा है, मना करने पर बस्ती वालों को गालियां देकर बल्लम लेकर दौड़ाता है, तत्संबंध में कई बार लिखित, मौखिक रूप से 100 में डॉयल कर सूचित करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अतः उक्त तत्व पर कठोर कार्यवाही कर आमजन को घातक बीमारियों से बचाया जाए। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष राकेश बारी, सचिव राममिलन यादव, अनिल सिंह परिहार, नवीन सिंह परिहार, किशोरी रजक, अशोक कुमार, राजकुमार रजक, भीमसिंह वर्मा, पारस पटेल, इंदिरा पटेल, अनिल कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, नीलेश शुक्ला, आदित्य शुक्ला, वीरेश वर्मा, शोभा बर्मन, गोपी ठाकुर, भोजराज पटेल, दिनेश कुमार, पूजा कुशवाहा, सुशील कुमार, अजीत मिश्रा, अजय बारी, दयाराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एक दिन में 410 टन कचरा उठाया: महापौर

**जबलपुर।** जबलपुर। मानसून के दौरान शहर के नागरिकों को जलप्लावन की समस्या से राहत मिले इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा लगातार नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रखकर शहर के सभी नाला नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई अप्रैल माह से ही शुरू करा दिया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप बारिश का मौसम आने के पहले ही शहर के 90 प्रतिशत नाला नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण हो गया है। यह जानकारी शुक्रवार को नाला सफाई कार्य का निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने दी। निरीक्षण के अवसर पर महापौर अन्नू ने बताया कि पिछले वर्ष भी जलप्लावन में काफी कमी आई थी, इस वर्ष पिछले साल से और अधिक बेहतर व्यवस्थाएं बनाई गयी है, जिसके परिणाम स्वरूप जलप्लावन की समस्या से नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। महापौर ने शहर की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और बताया कि शुक्रवार के दिन 365 डोर टू डोर कचरा गाड़ियों से 410 टन कचरा उठाया गया। इसके साथ-साथ पिछले 60 दिनों में 3 गुना मशीनें और 296 अतिरिक्त श्रमिकों को लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने की तैयारियाँ तेजगति से चल रहीं है।

महापौर ने निरीक्षण के मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि 15 सितम्बर तक दिन-रात हर जोन में अतिरिक्त मशीनें और सफाई कर्मचारियों को लगाकर संभावित जलप्लावन वाले क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को राहत प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि 30 जून तक अतिरिक्त मशीनों को लगाकर नाला नालियों की और बेहतर सफाई कराई जायेगी ताकि वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुगमतापूर्वक हो सके।

निरीक्षण के मौके पर एम.आई.सी. सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी मती रजनी कैलाश साहू, गुलौआ क्षेत्र के वीरसावरकर वार्ड के पार्षद मती पूजा राम पटैल, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त संभव अयाची, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विष्णुकांत दुबे, प्रितेष मसोड़कर, अचैया आदि उपस्थित रहे।




# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** नर्मदापुरम से पधारे भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल, भरत सिंह राजपूत, नागेंद्र तिवारी ने 13/06/2025 को जबलपुर प्रवास के दौरान झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक आशीष शुक्ला के निवास पर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वल्पाहार ग्रहण किया, उसके पश्चात ग्रामीण के जिला संयोजक ठा. बाबू सिंह के कार्यालय पहुंचकर अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी संवेदनायें प्रकट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, जिला संयोजक ठा. बाबू सिंह, जिला सह संयोजक आशीष शुक्ला, अनंत पाण्डेय, सुनील तिवारी, निखिल ठाकुर, विपिन तंतुवाय, विषेक द्विवेदी, छोटू चौबे, डॉ. लोकेन्द्र यादव, देवेंद्र पाठक, आदर्श सिंह उपस्थित हुए।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **FATIMA NAIB** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **FATEMA VAKIL** W/O HUZAIFA VAKIL RESIDENT OF- 59, KOTWALI BAZAR, WARD MOTILAL NEHRU, JABALPUR (M.P.) 480002.




**श्री चरणजीत सिंह बिंद्रा-** गोरखपुर ईसाई मोहल्ला निवासी श्री चरणजीत सिंह बिंद्रा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर रैकवार-** हनुमानताल खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री गौरी शंकर रैकवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला गौंड़-** तिलहरी निवासी श्री सरजू गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती शीला गौंड़ (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर चौक निवासी श्री सोनी सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रानी सोनकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री युवराज सोलंकी-** सतपुला जीसीएफ अस्पताल के सामनेनिवासी श्री विशाल सोलंकी के पुत्र श्री युवराज सोलंकी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक विश्वकर्मा-** चुंगी चौकी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अशोक विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंजीत कौर सिघ्घू-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री अजीत सिंह सिघ्घू की धर्मपत्नी श्रीमती मंजीत कौर सिघ्घू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश चौधरी-** ठक्कर ग्राम बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री द्वारका प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री मुकेश चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक चौकसे-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री अशोक चौकसे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. रेखा महिंद्रा-** हाथीताल पोस्ट आफिस के पास निवासी डॉ. विनोद महिंद्रा की धर्मपत्नी डॉ. रेखा महिंद्रा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रैना बाई-** भटौली गौरीघाट निवासी श्री लक्ष्मण की धर्मपत्नी श्रीमती रैना बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवती प्रसाद यादव-** चुंगी चौकी कांचघर मेन रोड निवासी श्री भगवती प्रसाद यादव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्रीराम नागराज-** सहकार नगर रामपुर निवासी श्री श्रीराम नागराज (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल-** प्रेमसागर बंशकार मोहल्ला निवासी श्री प्रेम लाल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला राव-** बिलहरी निवासी श्री रवींद्र राव की धर्मपत्नी श्रीमती विमला राव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बहादुर घसिया-** ठक्करग्राम घसिया कॉलोनी निवासी श्री बहादुर घसिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**हरिभूमि** बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र. /स. क्र.11/19-20/2025-26
दिनांक:- 13/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कुसुम सिन्हा पति स्व. श्री रणविजय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के मं. नं. 1626 गोविंद भवन समपत्ति पिन क्रमांक 1000398326 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा जिस पर निर्मित भूतल 906 व.फु. आरसीसी मृत्यु प्रमाण पत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति आर.बी. सिन्हा पिता स्व. श्री रणविजय सिन्हा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र. /स. क्र.11/19-20/2025-26
दिनांक:- 13/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री उर्मिला पिता श्री रामचंद्र चौधरी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के मं. नं. 1580/1 प्रेस्टीज होम्स फ्लेट नं. एफ साउथ सिविल स्टेशन समपत्ति के पिन क्रमांक 1000399604 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आरसीसी 400 व.फु. सीमेंट शीट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति अनिल श्रीवास्तव पिता विन्देश्वरी प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र. /स. क्र.11/19-20/2025-26
दिनांक:- 13/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेन्द्र कुमार मिश्रा पिता आत्म प्रकाश मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के फ्लेट नं. 75 राजुल डेव्लपमेंट फेस-बी समपत्ति के पिन क्रमांक 1000375168 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा जिस पर निर्मित भूतल 926 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 925 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री लेफ्टीनेंट संदीप कुमार पिता मुरलीलाल आर्या का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

## खबर संक्षेप

### फोनपे ने मैपमाईइंडिया में 5% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** प्रमुख डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने खुले बाजार लेनदेन (ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन) के जरिये मैपमाईइंडिया की मूल कंपनी सीई इन्फो सिस्टम्स में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी 486 करोड़ रुपये में बेचकर अपनी हिस्सेदारी घटा दी। फोनपे वॉलमार्ट नियंत्रित ऑनलाइन रिटेलर फ्लिपकार्ट की एक इकाई है।

### रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 3.64% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी, जबकि एसबीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये 7,703 करोड़ रुपये में ये शेयर खरीदे। कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ इक्विटी शेयर या 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची।

### अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 2.4 प्रतिशत



**वाशिंगटन।** अमेरिका में पिछले महीने खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि कुल मुद्रास्फीति काफी हद तक नरम रही। अमेरिकी श्रम विभाग की तरफ से जारी मासिक रिपोर्ट के मुताबिक, मई महीने में उपभोक्ता कीमतें सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ गईं।

### विश्व बैंक व आईएफसी ने पाक को किया ऋण मंजूर




**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। 'रेको दिक' परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

### एसबीआई में 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 'प्रोबेशनरी ऑफिसर' (पीओ) की नियुक्ति की है। इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई।

### सोना कॉमस्टार के चेयरमैन का लंदन में निधन

**नयी दिल्ली।** मोटर वाहन घटक विनिर्माण कंपनी सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के अनुसार, उद्योगपति संजय कपूर को पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ा था। वह 53 वर्ष के थे। सोना कॉमस्टार के चेयरमैन एवं गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे. कपूर का 12 जून 2025 को इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 53 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया। एक दूरदर्शी नेता के रूप में कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता एवं उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक परिवहन प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मर्सिडीज ने लांच की भारतीय ग्राहकों के लिए खास एसयूवी, कीमत 4.30 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मर्सिडीज-बेंज ने भारतीय बाजार के लिए एएमजी जी 63 एसयूवी का नया कलेक्टर एडिशन लांच किया है। इस लिमिटेड एडिशन कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.30 करोड़ रुपए रखी गई है।

कंपनी ने इस एसयूवी का अट्रैक्टिव लुक और दमदार इंजन से लैस किया है। इस स्पेशल-एडिशन को खास तौर पर भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये स्पेशल लिमिटेड एडिशन मॉडल है, जिसके चलते भारतीय बाजार में इसकी सिर्फ 30 यूनिट बेची जाएंगी। कंपनी के मुताबिक, इसकी हर यूनिट स्पेशल है। इसे खरीदने वाले ओनर के लिए इसे कस्टमाइज किया गया है।

**भारतीय बाजार में इसकी सिर्फ 30 यूनिट बेची जाएगी**

### पहली बार ऐसा मॉडल पेश

मर्सिडीज की तरफ से पहली बार कोई ऐसा मॉडल पेश किया गया है जिसे खास भारतीय ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इसकी कीमत रेगुलर जी63 मॉडल की तुलना में तकरीबन 66 लाख रुपए ज्यादा है। कंपनी ने इस स्पेशल एडिशन की बुकिंग भी शुरू कर दी है। इसकी डिलीवरी साल की चौथी तिमाही से शुरू की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज जी 63 कलेक्टर एडिशन को मर्सिडीज-बेंज इंडिया और मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया की टीमों द्वारा तैयार किया गया है।



■ केबिन के अंदर लिखा होगा ओनर का नाम

### डैशबोर्ड ग्रैब हैंडल पर अपना नाम लिखवा सकता है

कंपनी का कहना है कि यह पूरी तरह से हाइपर-एक्सक्लूसिविटी और पर्सनलाइजेशन पर बेस्ड है। कार ओनर केबिन में डैशबोर्ड ग्रैब हैंडल पर अपना नाम लिखवा सकते हैं। जिससे यह एसयूवी खरीदने वाले के लिए बेहद खास हो जाती है। इस एसयूवी के केबिन में अंदर की तरफ हाइलाइट्स में डुअल-टोन, मैनुफैक्टर कैटालाना बेज और ब्लैक नप्पा लेदर सीट अपहोल्स्ट्री और डैशबोर्ड के लिए ओपन-पोर नेचुरल वॉलनट वुड ट्रिम दिया गया है।

*गोल्ड में फिनिश एएमजी स्पेक एलॉय व्हील :* इसे सिर्फ 2 कलर ऑप्शन में ही खरीद पाएंगे। इसमें मिड ग्रीन मैग्नो और रेड मैग्नो है। इसमें एक कलर मानसून की हरी-भरी हरियाली से प्रेरित है। जबकि दूसरा कलर भारत की लौह-समृद्ध मिट्टी से प्रेरित है। इसमें रियर स्पेयर व्हील कवर पर 'वन ऑफ थर्टी' की स्ट्रिप लाइन देखने को मिली है, जो एसयूवी की पूरी लंबाई को कवर करते हुए चलता है। इसमें गोल्ड में फिनिश किए गए 22-इंच एएमजी-स्पेक एलॉय व्हील शामिल हैं।

*ट्विन टर्बो वी8 इंजन :* मर्सिडीज-एएमजी जी 63 के पावर की तो कंपनी ने इस एसयूवी में 4.0-लीटर कैपेसिटी वाला ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया है, जो 48वी माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी से लैस है। यह इंजन 585 बीएचपी की पावर और 850 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

# ईरान पर इजरायली हमले से शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स में 573 अंकों की गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

*कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ।

**बाजार से विदेशी पूंजी के बाहर जाने की संभावना** ▸ **निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा** ▸ **निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया**

### विदेशी पूंजी बाहर जाने की आशंका

विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

### एकतरफा शुल्क लगाने से चिंता बनी हुई

मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।/"

### दो दिनों में निवेशकों के 8.35 लाख करोड़ डुबे

शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया।



### कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

नायर ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं, जो इस साल का उच्चतम स्तर है, जिससे तनाव जारी रहने पर मुद्रास्फीति की आशंका बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.44 प्रतिशत उछलकर 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ :* *सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।*


### तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.90 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 1.78 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में बीपीसीएल में 6.11 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में 5.34 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 3.91 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में 3.71 प्रतिशत और स्पाइसजेट के शेयर में 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। सत्र के दौरान स्पाइसजेट का शेयर 5.64 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 5.62 प्रतिशत तक गिर गया था।

# सोना 2,200 रुपए उछलकर फिर एक लाख के पार, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी।



■ सोना उछलकर 1,01,540 रुपए प्रति 10 ग्राम
■ चांदी 1100 रुपए चढ़ 1,08,100 रुपए प्रति किलोग्राम

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले, 22 अप्रैल को सोने की कीमत 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की तेजी आई थी और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।

### इजराइल के हमले से तेज उछाल आया

वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 28.30 डॉलर प्रति औंस या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 3,415.13 डॉलर प्रति औंस हो गया। कलंत्री ने कहा कि ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद सोने में तेज उछाल आया, जिससे पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई। साथ ही, राष्ट्रपति ट्रंप के एकतरफा शुल्क की चेतावनियों सहित अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता फिर से बढ़ गई।

# क्रेडाई ने अदाणी सीमेंट के साथ की साझेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय क्रेडाई ने निर्माण गतिविधियों में पर्यावरण अनुकूल और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ साझेदारी की है। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने 'देश भर में पर्यावरण अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ रणनीतिक साझेदारी' की है।

देश के 20 राज्यों और 230 शहरी शाखाओं में 13,000 से अधिक निजी रियल एस्टेट डेवलपर का प्रतिनिधित्व कर रहे क्रेडाई ने 'ग्रीन इंडिया काउंसिल' और 'स्किलिंग काउंसिल' भी शुरू की है। इसने कहा, "क्रेडाई के पसंदीदा भागीदार के रूप में, अदाणी सीमेंट 'गृह' (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड




■ पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने करार

हैबिटेट एसेसमेंट) प्रमाणित उत्पादों के साथ उत्तम गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करेगा, जिसमें हरित कंक्रीट समाधान और तकनीकी सेवाएं शामिल हैं।" यह घोषणा गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और क्रेडाई नेतृत्व की उपस्थिति में आयोजित क्रेडाई की संचालन परिषद की बैठक में की गई। "ग्रीन इंडिया काउंसिल' और 'स्किलिंग काउंसिल' की शुरुआत हमारे उद्योग के मूल में पर्यावरण अनुकूलता और कार्यबल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### शुरूआत नासिक जिले से

इसकी शुरुआत महाराष्ट्र के नासिक जिले के विभिन्न ब्लॉक में 9,000 एकड़ भूमि के पुनरुद्धार से होगी। इस पहल का उद्देश्य वैज्ञानिक और समुदाय-आधारित तरीकों का उपयोग करके 10 लाख से अधिक पेड़ लगाना है। 'स्किलिंग काउंसिल' एक पहल है जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करना है।

## ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया




**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह निपटाए गए दावों का अनुपात वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 39 प्रतिशत यानी 2.34 करोड़ था। अधिकारी ने कहा कि तीन दिनों के भीतर निपटाए गए दावों का अनुपात तेजी से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि ईपीएफओ जल्द ही स्वचालित दावा निपटान की सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर देगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस सीमा में वृद्धि के लिए ईपीएफओ के शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की मंजूरी की जरूरत नहीं है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 5.17 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

■ समाप्त सप्ताह में वृद्धि 696 .65 अरब डॉलर रही

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त सप्ताह में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। छह विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं।

*आईएमएफ में भारत का भंडार बढ़ा:* *रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पहुंच गया।*

## एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने 19.8 मेगावाट पवन ऊर्जा चालू की




**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड (एसीएमई सोलर) ने गुजरात में 19.8 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता चालू कर दी है। इससे उसकी कुल परिचालन नवीकरणीय क्षमता बढ़कर 2,826.2 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसने गुजरात के शापुर में नियोजित 50 मेगावाट की परियोजना की 26.4 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता को मई में चालू कर दिया था। वर्तमान चरण में कंपनी ने अतिरिक्त 19.8 मेगावाट क्षमता चालू की है, जिससे पवन परियोजना की कुल चालू क्षमता 46.2 मेगावाट हो गई है। साथ ही इससे एक्मे सोलर की कुल परिचालन नवीकरणीय क्षमता बढ़कर 2,826.2 मेगावाट हो गई है। परियोजना के अगले कुछ दिन में पूरी तरह चालू होने की उम्मीद है।

# नागपुर में हेलीकॉप्टर संयंत्र लगाने मैक्स एयरोस्पेस से हुआ करार

■ अगले आठ वर्षों में 8000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को मैक्स एयरोस्पेस एंड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ नागपुर में हेलीकॉप्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसमें अगले आठ वर्षों में लगभग 8,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि इस परियोजना के तहत लगभग 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नागपुर में रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के अनुसार, मैक्स एयरोस्पेस नागपुर में एक हेलीकॉप्टर कारखाना स्थापित करेगा और इसका वास्तविक काम 2026 से शुरू होगा।



*पूर्ण उत्पादन वाली पहली परियोजना :* *यह महाराष्ट्र में हेलीकॉप्टर के ही अनुकूलन और पूर्ण उत्पादन वाली पहली परियोजना होगी। बयान में कहा गया है कि इस पहल से महाराष्ट्र को एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार, यह केंद्र नागपुर हवाई अड्डे के पास स्थित होगा, जिससे इसे मौजूदा बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक सहायता का लाभ मिलेगा।*

## स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट

# वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इस सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन 'स्टार्टअप जीनोम' की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे और तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

■ सूची में शहर ने सात पायदान की छलांग लगाई
■ रिपोर्ट के अनुसार सिलिकॉन वैली शीर्ष पर




### उछाल के पीछ उच्च-मूल्य वाले सौदे

खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

### एक अरब डॉलर से अधिक सौदे

'वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025' के मुताबिक, बेंगलुरु सात पायदान चढ़कर सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गया है। बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है।

### वैश्विक स्टार्टअप हब बनने में सफल

कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक 'उभरते सितारे' से एक शीर्ष-स्तरीय 'वैश्विक स्टार्टअप हब' बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है।

### एआई व बिग डेटा में पांचवें स्थान पर

खरगे ने यह भी बताया कि बेंगलुरु अब एआई और बिग डेटा परिवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। स्टार्टअप जीनोम की यह रिपोर्ट 12 जून को पेरिस में यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक कार्यक्रम 'विवाटेक' में जारी की गई। इसमें 350 से अधिक शहरों में 50 लाख से अधिक कंपनियों के डेटा का विश्लेषण किया गया है।

### पुणे भी लंबी छलांग लगाने में सफल

कर्नाटक सरकार के स्टार्टअप विजन ग्रुप के प्रमुख प्रशांत प्रकाश ने कहा कि बेंगलुरु का गतिशील स्टार्टअप परिवेश मजबूत सरकारी समर्थन, वैश्विक पूंजी और विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों द्वारा समर्थित है। बेंगलुरु के साथ पुणे शहर भी लंबी छलांग लगाने में सफल रहा है। 'उदीयमान परिवेश रैंकिंग 2025' में पुणे शहर 91-100 के दायरे से निकलकर इस साल 41-50 के दायरे में आ गया है।

# मई में रोजगार सृजन 8.9 प्रतिशत बढ़ा

■ अन्य देशों की तुलना में भारत में रोजगार तेजी से बढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



■ भारत में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद तेजी आई

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई।

नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट 'इनडीड' की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा। यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, "भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। पिकरिंग ने कहा, "जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है।

## चिंतन

# इजरायल-ईरान में युद्ध से बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

ईरान ने आतंकी गुट हमास के जरिये जो चिंगारी इजरायल में लगाई थी, उससे अब पश्चिम एशिया झुलस रहा है। इजरायल व ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजरायल ने ईरान में परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। हमलों के दौरान इजरायल ने ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों, सैन्य अधिकारियों, बैलिस्टिक मिसाइल भंडार, एयर डिफेंस सिस्टम और नतान्ज समेत कई परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया है। अब देर-सबेर ईरान भी बदला लेगा। इजरायल के इस ऑपरेशन राइजिंग लायन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से ईरान को परमाणु डील के लिए धमकी के लहजे में चेतावनी दी है, उससे इजरायल के इस ऑपरेशन में अमेरिकी हाथ स्पष्ट है। इजरायली बॉम्बर ने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य बेस से ईंधन भरे हैं, इससे भी अमेरिकी संलिप्तता साफ हो रही है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर अमेरिका ने इस हमले से अपना पल्ला झाड़ा है। अब सवाल है कि ईरान लक्षित करके केवल इजरायल से बदला लेगा या फिर पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य बेस को भी निशाना बनाएगा। बदले में ईरान जो भी कदम उठाएगा, उसका विध्वंसक असर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विश्व पर भी पड़ेगा। जैसे अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है, ठीक वैसे ही ईरान भी अकेला नहीं है, चीन व रूस उसके साथ हैं। अनिश्चितता और सैन्य संघर्ष से भरे विश्व में शक्ति के दो ध्रुव आमने-सामने हो रहे हैं। यूक्रेन व रूस जंग में भी ऐसी स्थिति बन रही है और इजरायल व ईरान के बीच तनाव में भी। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर अडिग है, तो अमेरिका ईरान को ऐसा न करने देने पर तुला है। ईरान कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ शांतिपूर्ण मकसदों के लिए है, लेकिन परमाणु निगरानी संस्था आईएईए (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) इस दावे को खारिज करती रही है। इजरायल भी आरोप लगाता रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। अमेरिका व इजरायल की कोशिश है कि ईरान परमाणु हथियार न बनाए। इसी हफ्ते आईएईए की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने दो दशक में पहली बार औपचारिक रूप से ईरान को परमाणु अप्रसार (एनपीटी) नियमों का उल्लंघन करने का दोषी करार दिया है। बंकरों में स्थित ईरान का सबसे बड़ा और गुप्त परमाणु संवर्धन केंद्र नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी पर इजरायल ने पहले भी साइबर अटैक और सीक्रेट बम धमाके किए हैं। इस बार इजरायल के हमले का दायरा काफी ज्यादा विनाशक है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि ईरान की प्रतिक्रिया इतनी भयानक होगी कि इजरायल अफसोस करेगा। बड़ी बात है कि अगर इजरायल व ईरान के बीच युद्ध विस्तार लेता है, तो विश्व व भारत पर क्या असर पड़ेगा? ग्लोबल ट्रेड का बड़ा रूट मिडिल ईस्ट से है। ईरान के युद्ध छेड़ने से यह ट्रेड रूट प्रभावित होगा, जिससे ऊर्जा व खाद्यान्न आपूर्ति पर असर पड़ेगा। मतलब आमजन के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ेगी। भारत की ऊर्जा आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इजरायल ने खुलकर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया था, जबकि ईरान ने मध्यस्थता की बात की थी। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से संबंध अच्छे हैं, पर इजरायल के साथ पलड़ा भारी है। चाबहार में भारत बड़ा निवेशक है और उसके तेल व गैस का बड़ा खरीदार है। इसके बावजूद ईरान भारत के खिलाफ पाक प्रायोजित आतंकवाद को देखकर भी खुलकर स्टैंड नहीं लेता है। भारत ने इजरायल व ईरान को शांति से मसले सुलझाने की सलाह दी है।

# विमान हादसों की पुनरावृत्ति चिंताजनक



त्रासदी
विकेश कुमार बडोला

अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान-दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। व्योम मार्गीय वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

बड़े आश्चर्य की बात है कि पाकिस्तान के आतंकी व सैन्य ठिकानों पर हमला करते हुए हमारी वायु सेना के युद्धक विमानों से फेंकी गई मिसाइलों ने वहां के नागरिक उड़ानों वाले हवाई जहाजों पर खरोंच तक नहीं आने दी, और यहां भारत में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और चालक दल के सदस्यों समेत 242 यात्रियों को अहमदाबाद से लंदन लेकर जाने वाले एयर इंडिया के बोइंग ने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लड़खड़ाते हुए चिकित्सकों के आवासीय भवन से टकराकर आवासीय परिसर में रहने वाले 20-25 लोगों के भी प्राण लील लिए। दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार केवल एक व्यक्ति ही जीवित बच पाया। जब तक बचाव दल के लोग घटनास्थल पर पहुंचते, तब तक अधिसंख्य यात्रियों के मृत शरीर जलकर काले पड़ चुके थे। अधिकतर शव इस सीमा तक जले हुए मिले कि दिवंगतों की व्यक्तिगत पहचान के लिए अब समुचित डीएनए परीक्षण का ही सहारा है। चिकित्सकों के जिस आवास-परिसर से विमान टकराया था, वहां भीतर के दृश्य भी अत्यंत डरावने हैं। लगभग पूरा परिसर जलकर काला पड़ गया है। इस घटना ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। एकदम से किसी को कुछ भी नहीं सूझ रहा कि ऐसी दुर्घटना के संदर्भ में सरकार और जांच एजेंसियों की आगे की दशा-दिशा क्या होगी।

विमान अनुरक्षण के तकनीकी पक्ष के अनुसार आकलन होने पर यही पता चल रहा है कि विमान में कोई भी तकनीकी समस्या नहीं थी। इंजन, इत्यादि सभी उपकरण सुचारू रूप में कार्य कर रहे थे। विमान संबंधी सभी आवश्यक सहायक चीजें, वस्तुएं, सेवाएं व सुविधाएं विमान में उपलब्ध थीं। मुख्य और सहायक विमान-चालकों के पास विमान-चालन का दीर्घानुभव था। मौसम भी सामान्य था। वातावरण में विमान-यात्रा के लिए अनिवार्य दृश्यता में भी कोई कमी नहीं थी। हां, यदि उड़ान भरने के बाद किसी पक्षी के साथ विमान की टक्कर हुई होगी, तो घटना की आशंका उभरती है। लेकिन इसके लिए भी विमान-चालन कार्यदल आजकल अग्रिम सुरक्षा तैयारियों के साथ तैनात रहता है। उड़ान भरने के एक-दो मिनटों में ही विमान का हवाई-स्थल के रेडार-सिस्टम से डिस्कनेक्ट हो जाना भी आशंकाएं उत्पन कर रहा है। घटना के वास्तविक कारणों की पहचान के लिए केंद्र व राज्यों सरकारों को समुचित जांच करनी चाहिए। यह जांच हर संभव श्रेष्ठ उपायों व विधियों के आधार पर होनी चाहिए। इस घटना के आलोक में प्रगति एवं विकास का जो अभिशापित पक्ष दिखाई दिया है, उसने लोगों में असुरक्षा के गहरे भाव भर दिए हैं। विमान में सवार लोग साधारण लोग नहीं थे। सभी धनी और स्थापित लोग थे। इसलिए विमान या विमान संबंधी सेवाओं में कोई कमी रही होगी, इसकी संभावना भी नहीं के बराबर है। यात्रियों में इंग्लैंड के भी बहुत से निवासी थे, इसलिए वहां के प्रधानमंत्री भी इस घटना को लेकर असहज हैं। राज्य में यह पहली विमान-दुर्घटना नहीं है। गुजरात में 37 वर्ष पहले 1988 में ऐसी ही दुर्घटना हुई थी जिसमें 133 लोग मारे गये थे। तब इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से अहमदाबाद आने वाला विमान हवाई-स्थल पर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कम दृश्यता के कारण विमान वृक्ष और बिजली के ट्रांसमिशन टॉवर से टकरा गया था। अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के



आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान-दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। भारत में जो बड़ी विमान दुर्घटनायें हुई हैं, उनमें 31 मई 1973 को दिल्ली के पालम हवाई-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 440, जिसमें 48 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद, दुबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान 855 मुंबई से उड़ान भरने के बाद अरब सागर में गिर गई थी। यह घटना 1 जनवरी 1978 को हुई। विमान में सवार सभी 213 लोगों की मौत हो गई। फिर इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 113 वर्ष 1988 के 19 अक्टूबर को अहमदाबाद विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 133 लोग मारे गये थे। सन् 1990 में 14 फरवरी को उड़ान संख्या 605 बेंगलुरू विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 146 लोग मारे गये। सन् 1996 के 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में कजाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान 1907 की दुर्घटना में 349 लोग मारे गये थे। उड़ान 7412 वर्ष 2000 के 17 जुलाई को बिहार के पटना के घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में हादसे का शिकार हुई, जिसमें 60 लोग मारे गये थे। एयर इंडिया की एक्सप्रेस उड़ान 1344 जो कि 7 अगस्त 2020 को कोझिकोड कालीकट अंतरराष्ट्रीय विमान-स्थल पर रनवे पर फिसलने के कारण दो हिस्सों में बंट गई, जिसमें 21 लोग मारे गये। अहमदाबाद की विमान दुर्घटना से पहले दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में दक्षिण कोरिया का एक यात्री-विमान विमान-स्थल पर उतरते हुए दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस घटना में 179 लोग मारे गये थे। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन (यान या हाइड्रोजन गुब्बारा) दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। सन् 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। सन् 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए।

इक्कीसवीं सदी में भी 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200 ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस तरह व्योम मार्गीय वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। भारत देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी होगी, ताकि वायुयात्रा को हर दृष्टि से सुरक्षित किया जा सके। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला



# वर्तमान में भी कम नहीं विमानन क्षेत्र की चुनौतियां


बारह जून को एयर इंडिया का विमान बोइंग ड्रीमलाइनर-787, जो कि गुजरात के अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भयंकर आग का गोला बनकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें 265 लोग असमय काल के ग्रास बन गए, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। जानकारी के अनुसार विमान में 169 भारतीयों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इनमें केवल एक यात्री जिंदा बचा बताया जा रहा है। खबर है कि 625 फीट की ऊंचाई पर विमान ने सिग्नल खो दिए थे और तेजी से नीचे आने लगा था। वास्तव में, इस विमान दुर्घटना के हृदयविदारक दृश्यों ने देश-विदेश में हर किसी को स्तब्ध करके रख दिया। गुजरात में यह दूसरा भीषण विमान हादसा है। इससे पहले 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से आ रहा विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पूर्व दुर्घटना का शिकार हुआ था और इसमें 130 लोगों की जान चली गई थी। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से पिछले हिस्से में स्थित एक ब्लैक बॉक्स को ढूंढ लिया गया है और उसे सुरक्षित रखा गया है। बाद में डीजीसीए के अधिकारी इसकी रिकॉर्डिंग का विस्तार से विश्लेषण करेंगे और निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। दुर्घटना की मुख्य वजह तो अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन लंबी दूरी की उड़ानों में विमान विशेष में ज्यादा ईंधन भरना पड़ता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि विमान में ज्यादा ईंधन से भी कहीं न कहीं आग अधिक भड़की होगी और किसी को खुद का बचाव करने का मौका तक नहीं मिल पाया। यह एक ऐसी भयानक त्रासदी है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। विमानन सुरक्षा ऐसा मोर्चा है, जहां छोटी सी भी कमी छोड़ने की गुंजाइश नहीं रहती है, क्यों कि एक मामूली सी ग़लती भी बहुत बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। आज विमानन क्षेत्र में अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन,कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, कम किराया, महंगा रखरखाव और महंगे ईंधन की वज़ह से विमानन कंपनियों की हालत खस्ता है। नई तकनीक अपनाने के लिए विमानन कंपनियों को भारी राशि निवेश करनी पड़ती है। विमानन कंपनियों के कुप्रबंधन या अक्षम प्रबंधन के कारण भी विमानन कंपनियां घाटे में चल रहीं हैं। इतना ही नहीं, हर स्तर पर प्रभावी संवाद की कमी, कंपनी प्रबंधन का अदूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण, कुशल नेतृत्व का अभाव, कमज़ोर प्रबंधन, अपर्याप्त जोखिम प्रबंधन, प्रबंधकों में अनुभव व प्रशिक्षण की कमी, गलत भागीदार, पूंजी की कमी, लचर वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों की उपेक्षा, यात्रियों की आवश्यकताओं की अनदेखी इत्यादि से भी विमानन कंपनियों को अक्सर सफलता नहीं मिल पाती है। यह पहली बार है जब सुरक्षा के लिए पहचाने जाने वाले बोइंग 787 के क्रैश होने की खबर सामने आई है। बहरहाल, यह दुर्घटना मानवीय त्रासदी तो है ही, कहीं न कहीं यह विमानन सुरक्षा और उसकी जवाबदेही पर गंभीर सवाल भी उठाती है। हाल फिलहाल, यह उम्मीद की जा सकती है कि डीजीसीए, बोइंग और एयरइंडिया हादसे के कारणों पर गहराई से गौर करेंगे और इस संबंध में (विमानन सुरक्षा में सुधार के संबंध में) उचित एक्शन भी लेंगे।

आज जरूरत इस बात की है कि देश के तमाम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों पर आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा और उनका अभ्यास अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डों पर उपलब्ध अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या और उनके प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस हादसे के कारणों की पारदर्शिता और ईमानदारी से गहन जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकी जा सके। इस विमान दुर्घटना में विदेशी लोग भी मारे गए हैं, हमारे अंदर उनके प्रति भी गहरी संवेदना का भाव होना चाहिए। उनके परिजनों के साथ हमें पूरा सहयोग करना चाहिए। मुआवजा जहां जरूरी हो, वहां वितरित होना चाहिए। राहत और बचाव के लिए एअर इंडिया, राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिकता से काम करना होगा। वास्तव में यह समय हम सभी के लिए संयम, सहायता, संवेदना और प्रार्थना का है। निश्चित ही, आज के समय में सुरक्षित विमान यात्रा एक बड़ी चुनौती है। इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हाल फिलहाल, देखना यह भी होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व युवा साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित
दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है।

## बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया। इस एक गलती की वजह से पूरा कौरव वंश नष्ट हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाता पाक

पाकिस्तान का जन्म ही झूठ की बुनियाद पर हुआ है। पाकिस्तान भारत के सामने ही नहीं, दुनिया को भी झूठ परोसना अपनी शान समझता है। झूठ पाक की फितरत बन गई है। पहलगाम हमले के बदले आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाकिस्तान घबराया हुआ है। भारत की 400 मिसाइलों के साथ सेना की पुरजोर तैयारी से खौफजदा पाकिस्तान हथियार खरीदने की अपील अमरीका से कर रहा है। भारत से मुकाबला करने में असमर्थ पाक के होश उड़ गए हैं। भारत की नई टेक्नोलॉजी से लैस सेना कई गुना ताकतवर है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक तरफ अपने लोगों को जीत का दावा कर रहे हैं। - सांकेत शर्मा, दुर्ग

## ट्रेंड

### घायल लोगों से मुलाकात



अहमदाबाद विमान हादसे के बाद घायल लोगों से मुलाकात की, जिसमें एकमात्र जीवित बचा व्यक्ति भी है। उनको भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में हम उनके और परिवारों के साथ हैं। पूरा देश उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निधन का समाचार दुखद



विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें।
-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### सख्त नियम जरूरी



सख्त नियमों से ही खत्म होगा सरकारी जमीन पर कब्जा एवं लंबित भू-अर्जन मामलों का निराकरण। रांची के डीसी के तर्ज पर सभी जिलों के उपायुक्त भी ऐसा प्रयास सुनिश्चित करें ताकि सरकारी जमीन का संरक्षण हो सके।
-दीपक बिरूआ, मंत्री, झारखंड सरकार

### दिवंगतों को शांति मिले




अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण प्लेन क्रैश की घटना से मन बेहद दुखी और बोझिल है। ईश्वर दिवंगत मुसाफिरों व मेडिकल होस्टल के छात्रों को शांति दे और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। ॐ शांति।
-ईशा कोप्पिकर, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# स्टोन क्रशर मशीनों को गंगा से दूर करने याचिका

उत्तराखंड के रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में जारी अवैध खनन पर गंभीर रुख अख्तियार करते हुए उच्च न्यायालय ने हरिद्वार जिले में 121 स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थानांतरित करने में अधिकारियों की कथित विफलता पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में अवैध खनन के खिलाफ दायर एक जनहित यचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्षेत्र में स्टोन क्रशर मशीनों को स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन अब तक क्यों नहीं किया गया? उच्च न्यायालय ने इस बात पर भी गहरी नाराजगी जताई कि स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थानांतरित करने के लिए स्थानों का चिन्हीकरण किए जाने के संबंध में पूर्व में अदालत और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अदालत ने मामले को 'अत्यधिक गंभीर' बताते हुए इस बात पर भी सवाल उठाया कि पहले बंद हो चुकी स्टोन क्रशर की 48 मशीनों को बिना उसकी अनुमति के दोबारा कैसे शुरू कर दिया गया।



## ऑफ बीट

# विटामिन सी की कमी से शरीर में हो जाती है खून की कमी

शरीर को अलग-अलग पोषक तत्वों की जरूरत होती है। अगर आपके शरीर में एक भी पोषक तत्व की कमी या फिर अधिकता हो जाए, तो आपको सेहत से जुड़ी अलग-अलग तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आज हम आपको विटामिन सी की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ कॉमन लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आपको नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन सी की कमी के कारण शरीर में खून की कमी पैदा हो सकती है। खून की कमी एनीमिया का मुख्य कारण होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर आपकी त्वचा का रंग पीला पड़ रहा है, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए और किसी अच्छे डॉक्टर से अपनी जांच करवा लेनी चाहिए। इस जरूरी पोषक तत्व की कमी आपके एनर्जी लेवल को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपको दिन भर थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में विटामिन सी की कमी पैदा हो गई हो। इसके अलावा विटामिन सी की कमी की वजह से चिड़चिड़ापन और मूड स्विंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 27 साल बाद धर्मेंद्र के साथ काम करेंगे अरबाज खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और एक्टर अरबाज खान एक बार फिर एक ही फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म 'मैंने प्यार किया फिर से' में दोनों साथ नजर आएंगे। लगभग 27 साल बाद दोनों कलाकार एक साथ सिल्वर स्क्रीन शेयर करेंगे। इससे पहले ये जोड़ी साल 1998 की सुपरहिट फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' में साथ नजर आई थी। धर्मेंद्र और अरबाज के इस मच अवेटेड रियूनियन ने फैंस के बीच खासी उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म का मुहूर्त हाल ही में मुंबई में बड़े ही भव्य अंदाज में खत्म हुआ। इस मौके पर कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें राजपाल यादव, विद्या मालवड़े, गणेश आचार्य, कंगना शर्मा, और सिंगर उदित नारायण जैसे नाम प्रमुख रहे। खास बात यह रही कि उदित नारायण ने इस मौके पर फिल्म का एक अनरिलीज गाना भी प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी लोग झूम उठे। धर्मेंद्र ने फिल्म को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि ये फिल्म उनके लिए 'मिक्स वेज' की तरह है, जिसमें भरपूर मनोरंजन और अलग-अलग रंग हैं।

## लाइफ Style



# दिशा

## 10 साल के कॅरियर में कीं 12 फिल्में

दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती की वजह से छाई रहती हैं। इसके अलावा उनका फिल्मी कॅरियर भी शानदार रहा है। लगभग 10 वर्षों से सिनेमाई दुनिया में अभिनेत्री अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। 13 जून को एक्ट्रेस ने अपना 33वां जन्मदिन मनाया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत साल 2015 में एक तेलुगु फिल्म लोफर से की थी। इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया गया था, जिसमें अभिनेत्री ने मौनी का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में वरुण तेजा भी मुख्य भूमिका में थे। शुरुआती करियर में ही अभिनेत्री को खराब दिनो का सामना करना पड़ा। साल 2016 में अभिनेत्री 'एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' फिल्म में नजर आईं। यह उनकी दूसरी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहली फिल्म थी। सुशात सिंह राजपूत अभिनीत यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के संघर्षों पर बनी थी। फिल्म में अभिनेत्री ने प्रियंका झा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया था।

वहीं बजट की बात करें तो, 104 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 200 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म में शानदार अभिनय के लिए अभिनेत्री को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में उन्हें बेस्ट फिमेल डेब्यू (आइफा) का भी खिताब मिला था। अपनी दूसरी फिल्म की सफलता के बाद दिशा पाटनी, जैकी चैन की फिल्म 'कुंग फू योगा' में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अश्मिता की भूमिका अदा की थी।

## हॉलीवुड मसाला

# इन सेलेब्स के हुए सबसे महंगे तलाक



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता मेल गिब्सन का तलाक भी खासा चर्चित रहा। 2011 में उनकी पत्नी रॉबिन मूर को लगभग 425 मिलियन डॉलर यानी 3,527.5 करोड़ रुपए का सेटलमेंट मिला था। इस तलाक को अब तक के सबसे महंगे हॉलीवुड तलाकों में गिना जाता है। 'ब्रैजलिना' के नाम से मशहूर ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली का तलाक लंबे समय तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी और प्रॉपर्टी को लेकर कानूनी लड़ाई काफी समय तक चली। कहा जाता है कि एंजेलिना ने कम से कम 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 830 करोड़ रुपए की मांग की थी। जेफ बेजोस हॉलीवुड से नहीं हैं, लेकिन उनकी और मैकेंजी की तलाक की खबर ने पूरी दुनिया को हिला दिया था। इस तलाक में मैकेंजी को करीब 38 बिलियन डॉलर यानी करीब 3 लाख करोड़ रुपए मिले थे।



# जस्टिन ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट

**लॉस एंजिल्स।** कुछ दिन पहले सिंगर जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने तलाक की अफवाहों को गलत बताया था। जस्टिन ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'सब ब्लाइंड आइटम हैं यानी सिर्फ झूठ है। जस्टिन ने यह भी कहा कि ऐसी बातें उन्हें काफी दुख पहुंचाती हैं। हाल ही में जस्टिन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें वह माफी को लेकर बात कर रहे हैं। क्या है माफी और उनकी तलाक की अफवाहों का कनेक्शन। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उनकी एक तस्वीर है और उस पर लिखा है, 'इस जिंदगी का सबसे बड़ा राज है, माफी या माफ कर देना।'क्या इस मैसेज के जरिए वह अपनी पत्नी हेली से माफी मांग रहे हैं। क्या इसका कोई और मतलब है। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में जस्टिन ने कहा था कि उन्होंने अपनी पत्नी का दिल दुखाया है। जस्टिन बीबर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कहीं हंस रहे हैं, कहीं चुपचाप नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो जस्टिन के फैंस को चिंता होने लगी कि वह ठीक हैं या नहीं।



# अल्फा में आलिया-शरवरी मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** वाईआरएफ की पहली महिला प्रधान स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म में एक शानदार गाना होगा, जो कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ पर फिल्माया जाएगा। इस गाने में दोनों अभिनेत्रियों का अंदाज सबसे निराला होगा। एक खबर के मुताबिक, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म अल्फा में एक बड़े बजट वाले गाने में नजर आएंगी। यह गाना बेहद ग्लैमरस और जोश से भरा होगा, जिसमें दोनों अभिनेत्रियां एक साथ धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगी। अल्फा के इस गाने के लिए आलिया और शरवरी एक नए अंदाज में दिखेंगी, जिसे दर्शकों ने आज तक नहीं देखा होगा। बहरहाल, दोनों ही अभिनेत्रियां स्टूडियो में इस गाने की घंटों रिहर्सल कर रही हैं और जिम में जमकर पसीना बहा रही हैं, ताकि यह गाना शानदार बने।



# ओमंग की फिल्म में राणे आएंगे नजर

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने हाल ही में अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' की शूटिंग पूरी की, जिसमें सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। हर्षवर्धन राणे ने अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया पर खास जानकारी शेयर की है। इस दौरान हर्षवर्धन ने अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं और एक दिलचस्प नोट भी लिखा। अभिनेता हर्षवर्धन राणे अब अपने अगले प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि जुलाई से वे निर्देशक ओमंग कुमार की नई फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके साथ ही, उनकी एक मनोविज्ञान की परीक्षा भी जल्द होने वाली है। हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक दीवाने की दीवानियत' की शूटिंग पूरी कर ली, एक हफ्ते में परीक्षा है और फिर अगली फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी।

## टीवी मसाला



# कपिल शर्मा को मेरे कारण मिला था कॉमेडी शो : सिद्धू

**नई दिल्ली।** हाल ही में क्रिकेटर और कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में कई बार जज के तौर पर नजर आ चुके नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि पहली बार वह द कपिल शर्मा शो के जज कैसे बने? साथ ही उनके कारण ही यह शो कपिल को मिला था। हाल ही में नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि सालों पहले कपिल को सिंगल शो देने से पहले चैनल की एक शर्त रखी थी। सिद्धू कहते हैं, कपिल मेरे पास आया और बोला कि पाजी, मेरी एक रिक्वेस्ट है। अगर आप मेरे शो का हिस्सा बनने के लिए राजी हो जाते हैं तो चैनल वाले मुझे एक अलग शो देंगे। बाद में चैनल वालों से सिद्धू मिले और बात बन गई। इसी शो के बाद कपिल बतौर कॉमेडियन टीवी पर काफी फेमस हो गए। नवजोत सिंह सिद्धू आगे कहते हैं, कपिल द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज से मशहूर हुआ। बाद में कॉमेडी सर्कस किया। लेकिन, कपिल को बड़ी पहचान नहीं मिली। फिर जब उसे सहारे की जरूरत थी तो मैंने उसका साथ दिया। जल्द ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' का तीसरा सीजन शुरू होगा। इस बार जज या खास गेस्ट के तौर नवजोत सिंह सिद्धू भी शो में नजर आएंगे। साथ ही अर्चना पूरन सिंह भी शो का हिस्सा होंगी। वह पिछले सीजन से इस शो का हिस्सा हैं। यह शो 21 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल से हिट हुए कई एक्टर्स

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले टीवी पर सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी काफी मशहूर हुआ। इस सीरियल के जरिए कई एक्टर्स भी आगे चलकर टीवी के नामी सितारे बन गए। स्मृति ईरानी आज पॉलिटिक्स में सक्रिय हैं। मगर टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'में वह तुलसी विरानी का किरदार निभाकर घर-घर मशहूर हुईं। आज भी इस किरदार के नाम से उन्हें पहचाना जाता है। इसमें रोनित रॉय ने मिहिर विरानी का रोल निभाया था। इस सीरियल के बाद वह कई हिट टीवी सीरियल का हिस्सा बने। इन दिनों फिल्मों में भी अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर काफी मशहूर हो चुके हैं। जया भट्टाचार्य ने इस सीरियल में पायल का किरदार निभाया था। यह सीरियल में नेगेटिव रोल था। आगे चलकर भी जय भट्टाचार्य ने कई टीवी सीरियल में पॉपुलर नेगेटिव रोल निभाए हैं। आज मौनी रॉय फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। साथ ही टीवी सीरियल नागिन के जरिए उन्हें पहचाना जाता है।




# संजय संग कैसे शुरू हुई करिश्मा की लव स्टोरी?

## आगे चलकर क्यों जुदा हुईं राहें

**मुंबई।** गुरुवार को करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर के निधन की खबर सामने आई। महज 53 साल की उम्र में हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। संजय और करिश्मा का सालों पहले तलाक हो गया था। लेकिन, इनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई? यह जोड़ा अलग क्यों हुआ? इस बारे में हम आपको बता रहे हैं?

करिश्मा कपूर और अभिषेक बच्चन की सगाई की घोषणा साल 2002 में की गई थी। यह घोषणा अमिताभ बच्चन के 60वें जन्मदिन पर हुई। लेकिन, साल 2003 में करिश्मा ने अभिषेक बच्चन से सगाई तोड़ी ली। इसके कुछ महीनों बाद अचानक करिश्मा कपूर ने एक नामी बिजनमैन संजय कपूर से शादी कर ली। करिश्मा कपूर और संजय कपूर ने साल 2014 में तलाक की अर्जी दी। साल 2016 में इनका तलाक फाइनल हो गया। इनकी राहें जुदा हो गईं। लेकिन,



तलाक होने से पहले दोनों ने तरह-तरह की आरोप एक-दूसरे पर लगाए। संजय, करिश्मा कपूर को किसी तरह का फाइनेंशियल सपोर्ट नहीं देना चाहते थे। साथ ही उनका आरोप था कि करिश्मा ने उनसे पैसों के लिए शादी की। इस बात को करिश्मा ने नाकार दिया। तलाक के बाद करिश्मा ने संजय कपूर के बारे में कई बातें साझा कीं।

### लव या अरेंज हुई मैरिज?

अभिषेक बच्चन से सगाई टूटने के बाद करिश्मा ने जल्द ही मूव ऑन कर लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संजय कपूर से करिश्मा कपूर की शादी एक अरेंज मैरीज थी। करिश्मा कपूर, संजय कपूर की दूसरी पत्नी थी। संजय का पहले एक तलाक हो चुका था। मगर, 29 सितंबर 2003 को करिश्मा और संजय कपूर शादी के बंधन में बंध गए। करिश्मा की शादी की चर्चा कई दिनों तक मीडिया और बॉलीवुड में होती रही। कपूर खानदान ने बड़े ही धूमधाम से ये शादी की। साल 2005 में संजय कपूर और करिश्मा कपूर के घर बेटी समायरा का जन्म हुआ। वहीं, साल 2010 में बेटे कियान का जन्म हुआ। बच्चों के आने से इनका परिवार पूरा हो गया। लेकिन, इनके रिश्ते में धीरे-धीरे दरार पड़ने लगी थी।

# ये प्लेन क्रैश की फिल्में खड़े कर देंगी रोंगटे

**नई दिल्ली।** एक उड़ान जो कभी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंची... आसमान में गूंजती चीखें, जलते मलबे से उठता धुआं और पलभर में बिखरती जिंदगियां। ऐसी ही दिल दहला देने वाले हादसों पर बनी हैं ये फिल्में, जो दिखाती हैं इंसान और मौत के बीच की सबसे खतरनाक जंग।

**एलाइवः** 1972 में एंडीज पर्वतों में हुए एक भीषण प्लेन क्रैश की सच्ची घटना पर बनी 'एलाइव' फिल्म दिखाती है कि कैसे उरुग्वे के रग्बी खिलाड़ियों ने भयंकर ठंड, बर्फीले तूफानों और भूख से लड़ते हुए कई दिनों तक जिंदा रहने की कोशिश की।

**फ्लाइटः** डेनजल वॉशिंगटन की दमदार अदाकारी से सजी फ्लाइट फिल्म एक पायलट की कहानी है, जो प्लेन क्रैश को टाल देता है, लेकिन उसके बाद उसका निजी स्ट्रगल शुरू होता है। फिल्म बहुत ही शानदार बनाई गई है।

## हर मिनट में डर, हर सीन में मौत का साया




### द ग्रे

लियाम नीसन स्टारर 'द ग्रे' फिल्म प्लेन क्रैश से बचने के बाद अलास्का के बर्फीले जंगलों में फंसे कुछ पुरुषों की कहानी है, जो सिर्फ सर्दी और भूख से नहीं, बल्कि भयानक भेड़ियों से भी अपनी जान बचाने की लड़ाई लड़ते हैं।

### कास्ट अवे

'कास्ट अवे' फिल्म भी प्लेन क्रैश की कहानी है, जहां पर प्लेन क्रैश के बाद समुद्र के बीच एक द्वीप पर फंसे टॉम हैंक्स के किरदार की कहानी है। इस कहानी में न गोलियों की आवाज है, न हॉरर बैकग्राउंड स्कोर, लेकिन फिर भी अकेलेपन और जिंदा रहने की खामोशी आपको अंदर तक झकझोर देती है।

# सलमान से लेकर प्रियंका तक, प्राइवेट जेट से सफर करते हैं ये सुपरस्टार्स

एजेंसी ⏭ मुंबई

मनोरंजन जगत के स्टार्स की जिंदगी से आम जन-मानस काफी प्रभावित होते हैं। सितारों के शौक, कपड़े और आलीशान जिंदगी को उनके प्रशंसक जानने को बहुत इच्छुक रहते हैं। ऐसे कई बॉलीवुड सेलेब हैं, जो अपनी लाइफस्टाइल को आसान बनाने के लिए अपने पास प्राइवेट जेट भी रखते हैं।

### अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड इंडस्ट्री के महानायक अमिताभ बच्चन को अक्सर हम बहुत ही सिंपल लाइफ जीते हुए देखते हैं। क्या आपको पता है उनके पास अपना खुद का प्राइवेट जेट है। इससे वो आरामदायक सफर पर निकलते हैं, जिसकी कीमत रिपोर्ट के मुताबिक 260 करोड़ रुपए है।



### अजय देवगन

अभिनेता अजय देवगन को भी चमक-दमक से अक्सर दूर देखा जाता है। लेकिन, उनके पास भी अपना प्राइवेट जेट है, जिसकी कीमत मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 84 करोड़ के करीब है और यह छह सीटर वाला है।



## लाइफस्टाइल को आसान बनाने के लिए रखते हैं प्राइवेट जेट

### प्रियंका चोपड़ा

देसी गर्ल अभिनेत्री को भी लग्जरी लाइफस्टाइल जीते हुए देखा जाता है। उनके पास भी प्राइवेट जेट, जिसका प्रयोग वह भारत से लॉस एंजिल जाने के लिए करती हैं। साथ ही कुछ पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ कामों के लिए प्रयोग करती हैं।

**सैफ अली खानः** सिनेमाई दुनिया के चर्चित अभिनेता सैफ अली खान के पास भी खुद का प्राइवेट जेट है। अपने परिवार के साथ खुशनुमा पल बिताने के लिए वह इसका प्रयोग करते हैं।

**अनिल कपूर :** अनिल कपूर भी इन सितारों में शामिल हैं, जिनके पास प्राइवेट जेट है। वह भी इसका प्रयोग अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के लिए करते हैं।

**दिलजीत दोसांझ :** गायकी की दुनिया में बड़ा नाम कमाने वाले मशहूर सिंगर दिलजीत दोसांझ के पास भी खुद को प्राइवेट जेट है। यह बात कई लोगों को नहीं पता है।



**शिल्पा शेट्टी :** इस कड़ी में बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का नाम भी शुमार है, जिनके पास अपना प्राइवेट जेट है।

**ऋतिक रोशन :** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन के पास भी कहीं सैर करने के लिए अपना प्राइवेट जेट है।

### माधुरी दीक्षित



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल अभिनेत्री भी सिनेमाई दुनिया की दिग्गज अभिनेत्रियों में शुमार हैं। एक्ट्रेस के पास भी अपना निजी प्राइवेट जेट है।

**शाहरुख खानः** बॉलीवुड के किंग खान के पास भी अपना खुद का प्राइवेट जेट है। इसके जरिए वह अपने परिवार के साथ कीमती पल बिताने निकलते हैं।

**अक्षय कुमारः** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार से मशहूर अक्षय कुमार के पास भी खुद का प्राइवेट जेट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसकी कीमत करीब 260 करोड़ रुपए है। इस समय अभिनेता अपनी फिल्म हाउसफुल 5 से चर्चा में है।

**सलमान खान :** बॉलीवुड इंडस्ट्री के भाईजान भी किसी से पीछे नहीं है। उनके पास भी अपना प्राइवेट जेट है, जिसका इस्तेमाल वह अपनी छुट्टियों को एंजाय करने में करते हैं।

# किसानों से मूंग खरीदेगी सरकार, किसान संघ को सीएम ने दिया आश्वासन

## मंडी शुल्क में राहत देने जांच कराने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मूंग में पेस्टीसाइड मिलने के बाद सरकार ने मूंग खरीदी पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद किसानों की परेशानी बढ़ गई थी। गुरुवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर किसानों की बात रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने मंडियों में पारदर्शी व्यवस्था बनाकर मूंग खरीदी करने की बात कही।

### बाहर के व्यापारियों को भी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी

सीएम ने कहा कि प्रदेश के बाहर से व्यापारियों को भी मूंग खरीदी के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मंडियों में किसानों को मूंग विक्रय का उचित दाम मिल सके, इसके लिए व्यापारियों को बोली लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूंग पर मंडी शुल्क में राहत दी जा सकती है या नहीं इसकी जांच की जाएगी। सीएम ने कहा कि बाहर से आने वाले व्यापारियों को नए मंडी लाइसेंस भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कपास उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष कमल सिंह आंजना सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।



### संघ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ फूंका था बिगुल

इसके पहले गुरुवार को ही भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। संघ के भोपाल, जबलपुर व इंदौर से आए पदाधिकारियों ने कहा कि खरीदी को लेकर प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों का पक्ष रखा था। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से साठगांठ कर किसानों से मंडियों में खुली लूट करने का न्योता दे दिया है। किसान संघ इस लूट का विरोध करेगा। संघ ने साफ किया कि किसानों की मूंग नहीं खरीदने पर संघ के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों किसान सीएम हाउस का घेराव करने मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### प्लेन हादसाः भाजपा और सरकार ने निरस्त किए सभी कार्यक्रम

**भोपाल।** अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे के बाद प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार ने गुरुवार के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए। भाजपा की ओर से ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रोफेशनल्स मीट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे। विमान हादसे की घटना के बाद ठाकरे सभागार में होने वाली प्रोफेशनल्स मीट निरस्त कर दी गई है। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में भाजपा की जिला इकाईयों द्वारा प्रोफेशनल मीट के आयोजन किए जाने थे। लेकिन, विमान हादसे के चलते कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए।

### आज से मप्र के चार दिनी दौरे पर रहेंगे अपना दल (एस) प्रदेश प्रभारी पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश का तीसरा व एनडीए घटक का सबसे पुराना दल अपना दल (एस) राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में प्रदेशभर में सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल 14 से 17 जून तक ग्वालियर-चंबल संभाग का चार दिवसीय दौरा करेंगे। यह दौरा पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, शिवपुरी और गुना में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गौरतलब है कि प्रदेश प्रभारी बनने के बाद से पटेल का यह तीसरा दौरा है। पटेल ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में यह दौरा मप्र में विस्तार और हमारी विचारधारा को पहुंचाने का एक अहम कदम है। हम संगठन को और मजबूत करेंगे और नए सदस्यों को जोड़कर पार्टी को व्यापक आधार प्रदान करेंगे।

### आज से पचमढ़ी में शुरू होगा भाजपा के सांसदों-विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

# पचमढ़ी में सांसदों-विधायकों को समय प्रबंधन के साथ जनता से व्यवहार का पढ़ाया जाएगा पाठ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के सांसदों-विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार 14 जून को पचमढ़ी में शुरू होने वाला है। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अमित शाह करेंगे। उनका फोकस भाजपा की विकास यात्रा पर रहेगा। शाह दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। मंच पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

खास बात यह है कि जन प्रतिनिधि यहां सिर्फ सीखेंगे। उनका ध्यान न बंटे, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि वे सत्र के बाद मोबाइल पर बात कर सकेंगे। सभी सांसदों और विधायकों से 13 जून की शाम तक पचमढ़ी पहुंचने के लिए कहा गया है। सभी को सुबह 6:00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7:00 से 8:00 के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी।

### उद्घाटन करेंगे केंद्रीय मंत्री शाह, बताएंगे भाजपा की विकास यात्रा

सभी सुबह 6 बजे उठेंगे और योग-प्रार्थना में लेंगे हिस्सा

### जनप्रतिनिधि सिर्फ सीखेंगे, साथ नहीं रख सकेंगे मोबाइल



**पहले दिन आयोजित होंगे अलग-अलग चार सत्र**

उद्घाटन के अलावा पहले दिन प्रशिक्षण शिविर में अलग-अलग विषयों पर चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। लंच ब्रेक के बाद करीब साढ़े तीन बजे से पहला सत्र होगा। इस सत्र में 'हमारा विचार और पंच निष्ठा' विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव संबोधन देंगे। दूसरे सत्र में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा की कार्यपद्धति पर जानकारी देंगे। तीसरे सत्र में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित भारत और मप्र के संदर्भ में मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदमों की जानकारी देंगे। अंतिम सत्र में स्वप्निल कुलकर्णी और भगवानदास सबनानी शताब्दी वर्ष की योजना और पंच परिवर्तन पर जानकारी देंगे।

### दूसरे दिन बनेंगे सांसदों-विधायकों के तीन ग्रुप

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सबससे पहले विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी। इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे। दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके संबोधित करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और विधायक चिटनिस पढ़ाएंगी पाठ

प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और विधायक अर्चना चिटनीस द्वारा समय प्रबंधन के साथ जनता से व्यवहार का पाठ पढ़ाया जाएगा। दलित, आदिवासी वर्ग के प्रभाव वाली सीटों के लिए सत्र में तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। आदिवासी वर्ग विषय पर हितनांद शर्मा और फग्गन सिंह कुलस्ते संबोधित करेंगे। दलित वर्ग पर लाल सिंह आर्य और अजय जामवाल का संबोधन होगा। अन्य वर्ग विषय पर मंत्री राकेश सिंह और विधायक हेमंत खंडेलवाल जानकारी देंगे। दूसरे दिन डिनर के बाद कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल मप्र में भाजपा का उद्भव और विकास संस्मरण के स्वरूप को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुनाएंगे।

### मुख्यमंत्री बताएंगे, उमा भारती से अब तक का सफर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विकसित मप्र 2047-अवसर एवं चुनौती( 2003 से 2023) तक की पृष्ठभूमि पर अपना वक्तव्य देंगे। इस दौरान वे पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती से लेकर अब तक की भाजपा सरकारों के बारे में जानकारी देंगे। वे बताएंगे कि इस अवधि में भाजपा के प्रयास से मप्र कहां से कहां पहुंचा। सोशल मीडिया और मीडिया पर स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विमर्श बनाने में हमारी भूमिका के विषय पर विनोद तावडे व्याख्यान देंगे। भाजपा के के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश समन्वय, प्रक्रिया, समस्या और समाधान के विषय में समझाएंगे। वे यह भी बताएंगे कि संगठन, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विचार परिवार और स्वयं के परिवार के लिए समय प्रबंधन करें और पर्सनल, प्रोफेशनल लाइफ में तालमेल बनाएं।



### अंतिम सत्र में होंगे सवाल-जवाब

प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सांसदों, विधायकों को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार सिखाएंगे। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार इस सत्र की अध्यक्षता करेंगी। इसी सत्र में जिज्ञासाओं यानि विधायकों, सांसदों के सवाल-जवाब होंगे। इसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल होंगे। इससे पहले प्रातः 7 बजे से 45 मिनट तक योग, प्रार्थना और खेल का आयोजन होगा।

### सोलर केपिटल बनने की ओर अग्रसर मप्र

# ऊर्जादाता बनेंगे मध्यप्रदेश के किसानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान अब ऊजार्दाता बनेंगे। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ होगा। योजना का लाभ लेकर किसान बिजली उत्पादक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निमार्ताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर उर्जा से उर्जीकृत किया जा चुका है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये संकल्पित है। मध्यप्रदेश अब देश की सोलर कैपिटल बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं।

**सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से होगा किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण**

### छोटे निवेशकों, किसानों को मिलेगा फायदा

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रदेश के लिए वरदान है। अब हमारी सरकार छोटे निवेशकों और किसान भाइयों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। अब हमारे अन्नदाता, ऊजार्दाता बनने के पथ पर अग्रसर होंगे। उन्होने यह भी बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से छोटे निवेशकों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा। इस योजना से वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों के साथ सरकार 25 साल तक बिजली खरीदने का समझौता करेगी। निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ सस्ती जमीन और तय बिजली रेट मिलेगा। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से किसानों को भी अत्यधिक फायदा होगा। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। किसानों को रात में बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दिन में 8 घंटे तक लगातार बिजली मिलेगी। किसान बिना रुकावट सिंचाई कर सकेंगे।



### भारी वाहन ने मारी टक्कर, घटना के बाद लापरवाह चालक फरार

# सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

चांपा मुख्य मार्ग भैसमा टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में लिया। जहां इस हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई और दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि उरगा थाना अंतर्गत अक्षय कुमार 25 वर्षीय ढोढतराई निवासी अपने रिश्तेदार जीजा मंगल सिह के साथ बाइक में सवार होकर रामपुर गया हुआ था जहां से वापस लौटते समय भौसमा टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना 112 और 108 को दी गई जहां मौके पर पहुंचे दोनों को अस्पताल लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां डॉक्टर ने अक्षय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं मंगल की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वहीं सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की गई। मृतक के पिता राधे लाल ने बताया कि दो लड़का और एक लड़की है मृतक घर का बड़ा बेटा था वो घर से किसी काम से आ रहा हूं बोलकर निकला हुआ था, जहां रिश्ते में जीजा मंगल के साथ कब कहां और




कैसे गया हुआ था पता नहीं फोन पर जानकारी मिली तो जिला मेडिकल कॉलज में उसके बेटे की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतक घर का कमाऊ पुत्र था रोजी मजदूरी के साथ घर की खेती किसानी भी किया करता था। मृतक अक्षय कुमार की शादी को महज दो साल ही हुए है। उसकी शादी कोलगा निवासी प्रियंका के साथ हुई थी और शादी के बाद बच्चा नहीं था। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजुर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर परिजनों का बयान दर्ज किया गया है।

### एक आरोपी से 1.100 एवं दूसरे से 1.300 किलोग्राम गांजा जब्त

# दो अलग-अलग स्थानों से गांजा बेचते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने गांजा की तस्करी करते अलग-अलग जगह से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला में गुढियारी थाना क्षेत्रांतर्गत गोंदवारा ओव्हर ब्रीज के नीचे आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। दूसरी ओर कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत गांधी नगर स्थित सुलभ के पास आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.400 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना गुढियारी क्षेत्रांतर्गत गोंदवारा ओव्हर ब्रीज के नीचे एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है। ग्राहक की तलाश कर बिक्री कर रहा है। इस पर पुलिस ने मुखबिर के बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर दबोचा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार निवासी गुढियारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी



लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.100 किलोग्राम गांजा और बिक्री रकम 13 हजार 500 रुपये जुमला कीमती लगभग 25 हजार रुपये जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना गुढियारी में नारकोटिक एक्ट धारा के तहत कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर पुलिस को सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गांधी नगर स्थित सुलभ के पास एक व्यक्ति अपने पास थैला में गांजा रखा है।

### बेचने की कोशिश में खड़ा था

*उसे बिक्री करने की फिराक में है। इस पर पुलिस ने मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम राजेश गुप्ता निवासी गांधी नगर कोतवाली रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। आरोपी राजेश गुप्ता गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.300 किलो ग्राम गांजा कीमती लगभग 13 हजार रुपये जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।*

### एंबुलेंस चालक, मरीज और परिजनों को आई मामूली चोट, पुलिस कर रही पिकअप चालक की तलाश

# बीच रास्ते में खड़ी पिकअप से एम्बुलेंस टकराई, हादसे में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

नेशनल हाईवे 43 पर रामसागर के पास समस्तीपुर ढाबा के सामने खड़ी पिकअप को तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ठोकर मार दी। इस हादसे में साइड बैठे अतिरिक्त एंबुलेंस चालक मनोज कुमार उम्र 42 वर्ष की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं एंबुलेंस चालक और एंबुलेंस में सवार मरीज और उसके परिजन मामूली चोटों के साथ सुरक्षित हैं।

घटना कुनकुरी थाना क्षेत्र में तड़के साढ़े चार बजे की है। बताया जा रहा है कि पिकअप सड़क पर लापरवाहीपूर्वक खड़ी की गई थी और शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे रांची से



मरीज लेकर रायपुर जा रही एंबुलेंस अचानक टकरा गई। एंबुलेंस के संचालक कन्हैया कुमार ने फोन पर बताया कि हादसे के वक्त एंबुलेंस चालक को सामने से आ रही ट्रक की तेज रोशनी से सड़क पर खड़ी पिकअप नहीं दिखी और यह दुर्घटना हो गई। वहीं पिकअप खड़ी करनेवाले का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। दुर्घटनाग्रस्त निजी एंबुलेंस शिव शक्ति एंबुलेंस सर्विस रांची की है जो पिकअप के साथ ही सड़क से खेत में उतर गई है। एम्बुलेंस के सामने का बायां हिस्सा बुरी तरह से टूट गया है। घटना के तुरंत बाद देवलाल राम तेज आवाज सुनकर खेत में पहुंचा और सेकंड ड्राइवर मनोज कुमार उम्र 42 वर्ष को पड़ोसी टायर मिस्त्री की मदद से बाहर निकाला और 108 को फोन कर उसके आने पर घायल को भेजकर गुड सेमरिटीन का परिचय दिया। हालांकि गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को बचाया नहीं जा सका। वहीं एंबुलेंस चालक और एंबुलेंस के अंदर मरीज अपनी पत्नी छह साल की बेटी के साथ सुरक्षित निकला जिन्हें दूसरे एंबुलेंस से रायपुर रवाना किया गया। अब इस घटना के बाद से लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि गाड़ीवाले गाड़ी खराब हो जाने पर सड़क पर एक चक्का या पूरी गाड़ी खड़ी करके चले जाते हैं। एनएच पर वर्षों से होटल चला रहे भोलाराम प्रधान कहते हैं कि गाड़ियों में हैडलाइट की रौशनी पर ट्रैफिक नियम खत्म हो गया है, स्टीकर भी नहीं लगे होते हैं और गाड़ी जहां खराब हो जाती है वहां सड़क पर कोई सिग्नल भी नहीं रखते हैं, जिसके कारण कई हादसे हुए और लोगों की जान चली गई। फिलहाल इस दुर्घटना की सूचना पर पुलिस ने पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घटना की जांच के मृतक के शव का पंचनामा कर रही है। वहीं कार चालक राहगीर विवेक यादव ने बताया कि गुरुवार की रात को पिकअप सड़क पर खराब पड़ी थी। किसी तरह का कोई सिग्नल नहीं था। मुझे खुद अचानक पिकअप को देखकर संभलना पड़ा था। सुबह उठा चला उसी पिकअप के कारण एंबुलेंस का एक्सीडेंट हो गया।